महानगर नई दिल्ली मंगलवार 15 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## कश्मीर में अभी भी बंद है इंटरनेट

# 72 दिन बाद बजीं मोबाइल की घंटियां

श्रीनगर, 14 अक्तूबर (भाषा)।

कश्मीर में सोमवार दोपहर से मोबाइल फोनों की घंटियां बज उठीं और राज्य के करीब 40 लाख पोस्टपेड उपभोक्ता 72 दिन के बाद देशभर में, घाटी और अपने आस-पड़ोस में अपने परिवारों और दोस्तों से जुड़ गए। हालांकि इंटरनेट सेवाएं अभी शुरू नहीं की गई हैं। सरकार के शनिवार को किए गए वादे के अनुसार दोपहर से लोगों के फोन बजने लगे और घाटी में लोग फौरन मोबाइल पर अपने प्रियजनों से बात करने के लिए बेताब दिखे। लोग पांच अगस्त से फोन पर बात नहीं कर पा रहे थे। इसी दिन केंद्र ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने का फैसला किया था।



अधिकारियों ने कहा कि इस समय सेवाएं केवल पोस्टपेड कनेक्शन के लिए हैं। सुविधा केवल फोन बाकी पेज 8 पर

## पाक पर सबसे बड़ा दबाव एफएटीएफ का : डोभाल

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान पर अपनी धरती से संचालित आतंकवादी समूहों पर काबू पाने के लिए सबसे बड़ा दबाव वित्तीय बाकी पेज 8 पर

## 'लश्कर के आतंकियों पर अभियोग चलाए पाक'

वाशिंगटन, 14 अक्तूबर (भाषा)।



एलिस वेल्स

अमेरिका ने कहा कि पाकिस्तान को उसकी जमीन से आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे आतंकवादी समूहों बाकी पेज 8 पर

## आतंकियों ने ट्रक ड्राइवर की हत्या की

श्रीनगर, 14 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक समेत दो आतंकवादियों ने राजस्थान के एक ट्रक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी और एक बाग के मालिक से मारपीट की।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान शरीफ खान के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि घाटी में फलों से भरे ट्रकों की आवाजाही शुरू होने से हताश होकर आतंकवादियों ने शीरमाल गांव में यह हमला किया। पुलिस ने कहा, 'सोमवार की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।'

## मऊ जिले में धमाके से दो मंजिला इमारत ढही

# रसोई गैस सिलेंडर फटने से 13 की मौत

मऊ (उप्र), 14 अक्तूबर (भाषा)।

जिले के मोहम्दाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के वलिदपुर मोहल्ले में सोमवार की सुबह दो मंजिला मकान में रसोई गैस का सिलेंडर फट जाने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए आजमगढ़ जिला अस्पताल और मऊ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहम्दाबाद कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलिदपुर मुहल्ले में सुबह उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब वहां रहने वाले छोटू विश्वकर्मा के घर पर सुबह नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। छोटू विश्वकर्मा के पड़ोसियों कन्हैया विश्वकर्मा और कटवारी धोबी के मकान अगल बगल थे। विस्फोट में तीनों के मकान धराशाई हो गए। बचाव अभियान के दौरान घायलों को निकाला गया। लखनऊ में पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था प्रवीण कुमार ने मऊ के पुलिस अधीक्षक के हवाले बाकी पेज 8 पर

**छोटू** विश्वकर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रीता और उनकी पांच बेटियां हैं। सोमवार छोटी बेटी की परीक्षा थी। रीता सुबह उसके लिए नाश्ता बनाने गई और गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया।



# हरियाणा में विपक्षी दल बिखरे : मोदी



बल्लभगढ़, 14 अक्तूबर (जनसत्ता)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब अनुच्छेद 370 हटाने जैसे बड़े निर्णय कर रहा है जिसके बारे में पहले सोचा तक नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा कि लोगों से मिले व्यापक जनादेश के कारण उन्हें ऐसा कदम उठाने की शक्ति मिलती है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती दी कि वह सार्वजनिक तौर पर बताए कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो क्या अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल कर देंगे।

**प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस में हिम्मत है तो घोषणापत्र में एलान कर के दिखाए कि वह अनुच्छेद 370 की बहाली करेगी।**

हरियाणा में इस हफ्ते अपनी चार रैलियों में से पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में विपक्षी दल बिखर गए हैं और साथ आने के बाकी पेज 8 पर

## 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया'

सोनीपत/नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोनिया गांधी को फिर से कांग्रेस प्रमुख बनाए जाने का मजाक उड़ाते हुए कहा, 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया और वह भी बाकी पेज 8 पर

## केंद्र की गलत नीतियों से अर्थव्यवस्था बदहाल : राहुल

नूंह, 14 अक्तूबर (जनसत्ता)।




कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने नूंह आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के भाषणों में झूठे वादे सुनाई देते बाकी पेज 8 पर

## पराली जलाने पर पर्यावरण मंत्रालय से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

दिल्ली में वायु की गुणवत्ता 'बहुत खराब' की श्रेणी में आने के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उप्र में पराली जलाने पर अंकुश लगाने के लिए उच्च कार्यबल की सिफारिशों के बारे में सोमवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता के पीठ के समक्ष राजधानी में वायु गुणवत्ता का मुद्दा उस समय उठा जब प्रदूषण के मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा कि पर्यावरण व वन मंत्रालय से इस बारे में स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए।



उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उप्र में पराली जलाने पर रोकथाम के लिए उच्चस्तरीय कार्य बल की उप समिति की रिपोर्ट स्वीकार किए जाने संबंधी केंद्र के कथन के बाद शीर्ष अदालत ने पिछले साल 29 जनवरी को इस मामले में आदेश पारित किया था। अपराजिता सिंह ने कहा कि शीर्ष अदालत के पिछले साल के आदेश के बाद काफी समय बीत चुका है और अब पर्यावरण व वन मंत्रालय को रिपोर्ट पेश करनी चाहिए। पीठ ने पर्यावरण व वन मंत्रालय को इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पराली जलाने के मामले में उप समिति की रिपोर्ट पर अमल के लिए पर्यावरण व वन मंत्रालय ही नोडल मंत्रालय है।

## सौरव गांगुली होंगे बीसीसीआइ के नए अध्यक्ष

मुंबई, 14 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के नए अध्यक्ष होंगे।




गांगुली और जय शाह ने 23 अक्तूबर को होने वाले बीसीसीआइ चुनावों के लिए सोमवार को क्रम से अध्यक्ष और सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल बाकी पेज 8 पर

## आडवाणी, जोशी और जसवंत के सरकारी बंगले रहेंगे बरकरार

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और जसवंत सिंह के लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगलों का आबंटन विभिन्न आधार पर बरकरार रखने का सरकार ने फैसला किया है।

सरकारी संपत्ति से अनधिकृत कब्जों की बेदखली के लिए हाल ही में संसद द्वारा पारित कठोर प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम 2019 के तहत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा पूर्व सांसदों के बंगले खाली कराए जाने बाकी पेज 8 पर



**आडवाणी** और जोशी को सुरक्षा कारणों से और सिंह के बंगले का आबंटन स्वास्थ्य कारणों से बरकरार रखा जाएगा।





## अंतरराष्ट्रीय वाट्सऐप समूह के सात सदस्यों के खिलाफ मामला

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

सीबीआइ ने कथित तौर पर उस अंतरराष्ट्रीय वाट्सऐप समूह के सात सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिस पर बच्चों की अश्लील तस्वीरें साझा की जा रही थीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआइ के अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग प्रकोष्ठ (आइपीसीसी) को 31 जनवरी 2019 को जर्मन दूतावास से एक कूटनीतिक पत्र प्राप्त होने के बाद शुरुआती जांच की गई। जांच के बाद मामला दर्ज किया गया। जर्मनी ने सास्चे ट्रैप्पके के बारे में सूचना दी थी जिसे उस देश में बाल यौन दुर्व्यवहार और बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री के वितरण के संबंध में पांच साल कैद की सजा सुनाई गई थी।

**बच्चों** से जुड़ी अश्लील सामग्री साझा करने का मामला



जांच के दौरान यह सामने आया कि वह 29 वाट्सऐप समूहों का हिस्सा था जहां बाल अश्लील सामग्री साझा की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इन समूहों में सात भारतीय मोबाइल नंबर भी थे। अधिकारी ने कहा कि सभी सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## थोक मुद्रास्फीति घटकर तीन साल के निचले स्तर 0.33 फीसद पर

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

ईंधन और कुछ खाद्य सामग्रियों की कीमतें कम होने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्लूपीआइ) मुद्रास्फीति सितंबर महीने में गिरकर तीन साल से अधिक के निचले स्तर 0.33 फीसद पर पहुंच गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

थोक मुद्रास्फीति अगस्त 2019 में 1.08 फीसद और पिछले साल सितंबर में 5.22 फीसद थी। इससे पहले जून 2016 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 0.1 फीसद नीचे रही थी। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य वर्ग की मुद्रास्फीति सितंबर महीने के दौरान बाकी पेज 8 पर

### खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.99 फीसद

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 3.99 फीसद पर पहुंच गई। सोमवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। इसकी प्रमुख वजह पिछले महीने खाद्यान्न कीमतों का ऊंचा रहना है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर अगस्त में 3.28 फीसद रही थी।

## परेड में शामिल नहीं करने पर बीएसएफ ने विरोध जताया

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।


गणतंत्र दिवस

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अगले वर्ष जनवरी में राजपथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड के मार्चिंग दल में शामिल नहीं किए जाने का विरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इस महीने जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और बाकी पेज 8 पर

### बीएसएफ ने आधुनिक ड्रोन भेदी प्रणाली की मांग की

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने आधुनिक ड्रोन भेदी प्रणाली की मांग की है ताकि संचालन क्षेत्रों में संदिग्ध हवाई प्लेटफॉर्म को नष्ट किया जा सके। हाल में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा बाकी पेज 8 पर

## दरअसल




इस वर्ष अर्थशास्त्र का नोबेल तीन लोगों को संयुक्त रूप से | **प्रतिभा का सम्मान** | बनर्जी और डुफ्लो के साथ माइकल क्रेमर को भी पुरस्कार

# भारतीय मूल के अभिजीत और उनकी पत्नी को अर्थशास्त्र का नोबेल

स्टॉकहोम, 14 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय मूल के अमेरिकी अभिजीत बनर्जी, उनकी पत्नी एस्थर डुफ्लो और अमेरिका के अर्थशास्त्री माइकल क्रेमर को सोमवार को संयुक्त रूप से 2019 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता घोषित किया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को बयान जारी कर तीनों को वैश्विक स्तर पर गरीबी से लड़ने के शोध कार्यों के लिए 2019 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की। बनर्जी और उनकी फ्रांसीसी-अमेरिकी पत्नी डुफ्लो प्रतिष्ठित मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआइटी) में कार्य करते हैं जबकि क्रेमर हार्वर्ड विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं।

डुफ्लो अर्थशास्त्र का नोबल पाने वाली दूसरी महिला हैं। वहीं वो यह पुरस्कार पाने वाली सबसे कम उम्र की अर्थशास्त्री भी हैं। नोबेल पुरस्कार के तहत 90 लाख क्रोनर (स्वीडन की मुद्रा) यानी 9,18,000 डॉलर का नकद पुरस्कार, एक स्वर्ण पदक और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इस राशि को विजेताओं के बीच बराबर बांट दिया जाता है।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस के बयान के मुताबिक, 'इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं का शोध वैश्विक स्तर पर गरीबी से लड़ने बाकी पेज 8 पर



**मैं** खुश हूं। मेरा मानना है कि मुझे पुरस्कार मिलना इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करेगा। *-अभिजीत बनर्जी*

**अभिजीत** बनर्जी (58 वर्ष) ने भारत में कलकत्ता विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई की। इसके बाद 1988 में उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल की। बनर्जी ने 2003 में डुफ्लो व सेंडिल मुल्लाइनाथन के संग अब्दुसल लतीफ जमील पावर्टी एक्शन लैब (जे-पाल) की स्थापना की थी।



माइकल क्रेमर

**अभिजीत** बनर्जी को अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में 'सिवर्जस रिक्सबैंक पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने पर बधाई। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। *-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*





**यह** (पुरस्कार मिलना) दिखाता है कि एक महिला के लिए सफल होना और उस सफलता के लिए पहचान मिलना संभव है। यह पुरुषों को भी महिलाओं को उनके हक का सम्मान देने के लिए प्रेरित करेगा। *- एस्थर डुफ्लो*



**मुझे** लगता है कि यह पुरस्कार सर्वाधिक योग्य लोगों को दिया जा रहा है। *- अमर्त्य सेन, अर्थशास्त्री*



**यह** मेरे लिए खुशी और गर्व की बात है कि आप दूसरे भारतीय हैं जिन्हें अर्थशास्त्र में नोबेल मिला है। इससे पहले मेरे प्रिय मित्र प्रोफेसर अमर्त्य सेन को मिला था। मुझे इस बात की खुशी है कि आपकी पत्नी एस्थर डुफ्लो को भी संयुक्त रूप से नोबेल मिला है। *-मनमोहन सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री*



epaper.jansatta.com

### मौसम

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 33.9 डि.से. | 33.9 डि.से. | 33.7 डि.से. | 34.6 डि.से. |
| न्यूनतम | 20.6 डि.से. | 20.6 डि.से. | 18.5 डि.से. | 20.6 डि.से. |



## खबरों में शहर

### ब्रेन स्ट्रोक में 24 घंटे मरीज के लिए जरूरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,14 अक्तूबर।

पूर्वोत्तर भारत में ब्रेन स्ट्रोक व कैंसर के मामले सबसे ज्यादा हैं व देशभर में युवा आबादी में ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। इसकी वजह बदली जीवनशैली, खानपान व तनावपूर्ण माहौल है। यह जानकारी एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग की मुखिया डॉ एमवी पद्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि पक्षाघात (ब्रेन स्ट्रोक) मरीज को जहां पहले दो से तीन घंटे में ही इलाज मिलने से आराम आता था वहीं अब तो इलाज में हुए प्रगति से यहां तक संभव हो गया है कि पक्षाघात के बाद अगर 24 घंटे के भीतर भी मरीज सही अस्पताल में पहुंच गया तो वह ठीक हो सकता है। डॉ पद्मा ने बताया कि पक्षाघात की चुनौती इतनी बढ़ती जा रही है कि हर 20 सेकंड में एक व्यक्ति को स्ट्रोक पड़ रहा है। न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ रोहित भाटिया ने बताया कि मरीज के इलाज के लिए स्वर्णिम घंटे अहम है। डॉ विष्णु वी ने कहा कि इलाज जितनी जल्दी शुरू हो मरीज उतना बेहतर ठीक हो पाता है।

### आज डिपो स्टेशन पर होगी फिल्म की शूटिंग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 14 अक्तूबर।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो लाइन के डिपो स्टेशन पर मंगलवार को फिल्म 'गिन्नी वेड्स सन्नी' फिल्म की शूटिंग होगी। यह शूटिंग सुबह 7 से शाम 7 बजे तक होगी। इसमें मेट्रो के अंदर से लेकर स्टेशन परिसर सहित कई सीन की शूटिंग होगी। साथ ही 18 अक्तूबर को सेक्टर-145 स्टेशन पर एक धारावाहिक की शूटिंग होगी। शूटिंग के दौरान मेट्रो संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पहली बार नोएडा के किसी मेट्रो स्टेशन पर शूटिंग हो रही है।नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि डिपो स्टेशन पर मंगलवार को फिल्म की शूटिंग होगी।

### डेंगू और प्याज को लेकर केजरीवाल पर निशाना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने डेंगू और प्याज को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि डेंगू को लेकर दिल्ली सरकार के सारे दावे खोखले साबित हो गए हैं। दिल्ली में इस साल डेंगू ने सभी रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, तीन सप्ताह में दिल्ली सरकार आम आदमी तक सस्ता प्याज पहुंचाने में असफल हुई है।

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

सेरिब्रल पैल्सि, मूकबधिर, डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, मंदबुद्धि आदि जैसी जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों के लिए 4 वर्षों से लगातार काम कर रही संस्था श्री गोपाल कृष्ण अरोड़ा सांस्कृतिक मंच ने रविवार को नवीन शाहदरा स्थित श्रीराम सत्संग भवन में आशा की किरण नाम से 16वें निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस निशुल्क शिविर में 500 से ज्यादा बच्चों का इलाज किया गया।

### स्काउट गाइड शिविर में झांकियों की प्रस्तुति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डीएलएड विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय स्काउट व गाइड शिविर में प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने 14 राज्यों की कला-संस्कृति की झांकियां प्रस्तुत की। सभी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी सशक्तिकरण आदि विषयों पर आधारित थी। शिविर में डीएलएड विभाग के तीन बैच 2019, 20 व 21 के विद्यार्थी शामिल हुए। मेवाड़ के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गदिया ने विद्यार्थियों को आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर अपनी बधाई दी। शिविर में स्काउट व गाइड के मुख्य जिला आयुक्त देवेन्द्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त श्याम सिंह, इंस्टीट्यूशंस के उपनिदेशक डॉ प्रमोद मदेसिया व अन्य शामिल रहे।

## आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया हैबीटाट सेंटर** : 'रिथिंकिंग कंजरवेशन, रिवाइविंग लिव्स' पर व्याख्यान, अमलतास ऑडिटोरियम, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया** : अर्थराइटिस की समस्या पर चर्चा, इंजीनियरिंग विभाग, जामिया परिसर, दोपहर तीन बजे।

**प्रदर्शनी**

**राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय** : 'ट्रैकिंग गांधी बीफोर इंडिया' नामक फोटोग्राफी प्रदर्शनी, संग्रहालय परिसर, राजघाट, सुबह 11 बजे।

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

## होटल में दिक्कतों का प्रियांशु ने किया था भाई से जिक्र

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

पुल प्रहलादपुर स्थित कलेक्शन ओयो होटल में एक 15 साल के राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज की करंट से हुई मौत के बाद सोमवार को मृतक के परिजन दिल्ली पहुंचे। निशानेबाज प्रियांशु प्रसाद चौरसिया अब तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 30 से अधिक मेडल जीत चुके थे। उनके पिता राजेंद्र प्रसाद चौरसिया का आरोप है कि इस घटना के लिए पूरी तरह से होटल प्रबंधक जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि बेटे का सपना था कि वह सफल निशानेबाज बनकर देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। यही कारण है कि उन्होंने उसे उत्तराखंड में बोर्डिंग स्कूल में भेजा था, जहां से निशानेबाजी का प्रशिक्षण भी अलग से ले रहा थी। उन्होंने मांग की है कि होटल प्रबंधक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा ऐसा हादसा न हो। प्रियांशु के चचेरे भाई गणेश ने भी बताया कि प्रियांशु ने होटल में बिजली-पानी की समस्या का जिक्र उनसे किया था। हिमांशु का कमरा भी एक बार बदला गया था। वहीं, पुलिस ने बताया कि फिलहाल होटल के कमरे को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा। जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रियांशु के कोच अमर सिंह ने बताया कि वह देहरादून से नौ अक्तूबर को लौटे थे और पुल प्रहलादपुर स्थित कलेक्शन ओयो होटल में ठहरे हुए थे। इस होटल में तुगलकाबाद स्थित डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में शामिल होने वाले अन्य राज्यों से आए निशानेबाज भी ठहरे हुए हैं, जिसमें से अधिकतर पंजाब और उत्तराखंड के हैं। प्रियांशु रविवार को कमरा नंबर 205 में अपने साथी निशानेबाज के साथ थे। सुबह के समय वह नहाने के लिए बॉथरूम में गए थे, जहां कुछ मिनट बाद प्रियांशु के चीखने की आवाज आई तो उसके साथी ने इसकी जानकारी होटल के कर्मचारियों को दी। उसके बाद जब कर्मचारी पहुंचे और पीछे के खिड़की से अंदर झांका तो देखा प्रियांशु नीचे पड़ा हुआ था। प्रियांशू मूलरूप से बिहार, नवादा छतरवार गांव का है। पिता राजेंद्र प्रसाद चौरसिया चक्रधरपुर, झारखंड में एक स्कूल में हेडमास्टर हैं। उनके चाचा मनोज ने बताया कि प्रियांशु बचपन से ही निशानेबाज बनना चाहता था। वह 11 साल की उम्र से ही निशानेबाजी करने लगा था। वह 11वीं की पढ़ाई के साथ निशानेबाजी का प्रशिक्षण राज रायफल्स सेंटर में ले रहा था।



प्रियांशु

### समय पर नहीं पहुंचाया अस्पताल

कोच अमर सिंह का कहना है कि घटना के बाद वह प्रियांशु को पास के अपोलो अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। वहीं, परिजनों का आरोप है कि सुबह करीब 11 बजे हादसे के बाद होटल प्रबंधन ने उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया। पुलिस को भी जानकारी दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दी गई। पिता राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि यदि घटना के तुरंत बाद प्रियांशु को अस्पताल पहुंचाया गया होता तो शायद बच जाता।

### जिंदगी भर रहेगा मलाल

प्रियांशु के चचेरा भाई गणेश कुमार ने रुंधे गले से बताया कि शनिवार रात को उसके पास प्रियांशु की वीडियो कॉल आई थी लेकिन वह खाना खाने जा रहा था इसलिए बात नहीं कर पाया। अगले दिन भी बात नहीं हो पाई और अब कभी नहीं हो पाएगी। गणेश का कहना है कि प्रियांशु ने एक बार बातचीत में होटल में पानी की समस्या के बारे में बताया था। प्रियांशु को चौथी मंजिल से दूसरी मंजिल पर 205 नंबर कमरे में शिफ्ट किया गया था। वहां पर भी बिजली-पानी को लेकर परेशानी थी, लेकिन होटल के कर्मचारियों ने अनसुना कर दिया। गणेश इन दिनों मध्यप्रदेश में बीएस नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं।

वायु प्रदूषण के खिलाफ आज से ग्रेप लागू

## डीजल जनरेटर चलाने पर रोक

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 14 अक्तूबर।

शहर में प्रदूषण से जंग के मद्देनजर मंगलवार से अगले पांच महीनों के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू कर दिया गया है। इसके साथ ही 15 मार्च, 2020 तक दिल्ली और आस पास में डीजल जनरेटर समेत होटल, रेस्तरां व ढाबों में कोयला एवं लकड़ी जलाने पर रोक रहेगी। ग्रेप को लागू करने के लिए प्राधिकरण व क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तैयारी कर ली है। प्राधिकरण अधिकारियों ने सोमवार से सड़कों पर सीवेज शोधित पानी का छिड़काव शुरू करा दिया है। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी जनरेटर समेत होटल-ढाबों आदि का औचक निरीक्षण कर अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे।

पराली जलाने के चलते दिल्ली और आस पास वायु में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक लाल श्रेणी में पहुंच गया था। अगले कुछ दिनों में सामान्य श्रेणी से खराब और बहुत खराब में पहुंच सकता है। इसको लेकर सफर इंडिया और मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। सोमवार को भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 291 दर्ज किया गया। विगत वर्षों की तुलन में यह ना बढ़े, इसलिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं संरक्षण प्राधिकरण (ईपीसीए) ने ग्रेप का हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दे रखे हैं। इसमें डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध को लेकर पहली बार दिल्ली और अन्य शहरी क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी निगाह रखेंगे।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल वहीं ईंट भट्ठे चलाए जा सकेंगे, जो जिग-जैग तकनीक युक्त होने चाहिए। हॉट मिक्स प्लांट एवं क्रेशर से धूल ना उड़ने के उपाए करने होंगे। प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी के मुताबिक, पानी छिड़काव के लिए सभी वर्क सर्कल प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोएडा के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि डीजल जनरेटर चलाने, लड़की- कोयले के इस्तेमाल पर रोक के लिए टीमें औचक निरीक्षण करेंगी।

### उद्यमियों के लिए मुसीबत

24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति वाले शहर की श्रेणी में शामिल होने के बावजूद विद्युत कटौती औद्योगिक महानगर में परेशानी का कारण बन सकता है। तमाम प्रयासों के बावजूद बिजली की निर्बाध आपूर्ति संभव नहीं हो पाई है। ऐसे में डीजल जनरेटर चलाने पर रोक उद्यमियों समेत बड़ी संख्या में निवासियों के लिए दिक्कत पैदा कर सकती है। डीजल जनरेटर चलाने वालों पर कितना अर्थदंड लगेगा यह स्पष्ट नहीं है।

## पुलिस छापामारी से मची भगदड़ में चौथी मंजिल से गिरकर शख्स की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

दयालपुर थाना क्षेत्र में जुए के अड्डे पर पुलिस छापामारी के दौरान मची भगदड़ में एक शख्स चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई। शख्स की पहचान आशीष राठौड़ (42) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। वहीं, परिजनों का आरोप है कि यह हादसा नहीं है बल्कि सोची समझी साजिश है। आशीष के पास करीब ढाई लाख रुपए थे, लेकिन उसके पास से महज 25 हजार 500 रुपए ही बरामद हुए हैं।

उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त वेद प्रकाश सुर्या ने बताया कि रविवार रात करीब सवा नौ बजे दयालपुर पुलिस को प्रधान टॉवर, शेरपुर चौक पर स्थित चार मंजिला मकान में जुए का अड्डा चलने की सूचना मिली थी। टीम ने छापा मारकर पांच लोगों को पकड़ लिया, जबकि कुछ लोग वहां से भाग गए। इसी दौरान टीम को आशीष जमीन पर अचेत पड़ा मिला। उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि गिरने पर चोट लगने के कारण आशीष की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि छापामारी के दौरान मकान में 40 लोग मौजूद थे। पुलिस की छापामारी की सूचना मिलने के बाद भगदड़ मच गई। कुछ लोग नीचे भागे, जबकि कुछ लोग छत पर पहुंच गए।

### वसंतकुंज के एक होटल में जुएबाजी, 58 हिरासत में

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज इलाके के घिटोरनी स्थित होटल इंपीरियल में जुएबाजी के आरोप में पुलिस ने 58 लोगों को हिरासत में लिया है। गिरोह के सरगना जगजीत के साथ दो अन्य व्यक्तियों दिनेश उर्फ फत्ते और साजिद को रिमांड पर लेकर पुलिस इस अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी दावा किया है। इनके पास से 11 लाख रुपए नगद और छह हजार टोकन बरामद किए हैं। टोकन का रुपए के रूप में प्रयोग होता था। **(जसं)**

## दशहरे के बाद हवा की गुणवत्ता बिगड़ने लगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर ।

राजधानी दिल्ली में दशहरे के बाद से बढ़े धुंध व वायु प्रदूषण को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सेहत को लेकर एहतियात बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने कहा है कि गर्भवती महिलाओं ,बच्चों व बुजुर्गों को लेकर खास सावधानी रखने की जरूरत है। यहां तक कि बाहरी प्रदूषण गर्भ में पल रहे भ्रूण पर भी बुरा असर डालता है।

पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ पीयूष गोयल का कहना है कि हर साल पटाखे फोड़ने से दशहरा के बाद हवा की गुणवत्ता बिगड़ती है। आमतौर पर ऐसा महसूस होता है कि दशहरा के बाद कुछ दिनों में प्रदूषण साफ हो गया है, लेकिन सर्दियों और अन्य पर्यावरणीय कारकों के कारण, दीवाली के आसपास होने वाले प्रदूषण को कम होने और खत्म होने में लगभग चार महीने लगते हैं। इसलिए प्रदूषण का खतरा लंबे समय के लिए बढ़ जाता है। बच्चों पर भी खतरा है।

## यूपी के पंचायत और विधानसभा चुनाव में उतरेगी आप : संजय

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 14 अक्तूबर।

भूपेंद्र जादौन को गौतमबुद्ध नगर की आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। अध्यक्ष बनने के बाद भूपेंद्र जादौन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार के कार्यों को देखकर उत्तर प्रदेश की जनता 'आप' को विकल्प के रूप में देखती है। पार्टी आगामी 2020 के पंचायत चुनाव और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भाग लेगी। साथ ही पार्टी ने ग्रेटर नोएडा पश्चिम के शाहबेरी मामले में फ्लैट खरीदारों का समर्थन देने का ऐलान किया है।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद वह पूरा समय उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने पर देंगे। प्रदेश की जनता दिल्ली सरकार के कार्यों से खासी प्रभावित है। वह विकल्प के रूप में 'आप' की तरफ देख रही है। पार्टी ने परशुराम चौधरी को उपाध्यक्ष और संजीव निगम को अतिरिक्त जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। भूपेंद्र जादौन ने कहा कि आम आदमी पार्टी की गौतमबुद्ध नगर जिला इकाई मंगलवार को अनशन पर बैठे पीड़ितों को समर्थन देने जाएगी।

## लापता छात्र का शव दो दिन बाद छह फुट गहरे गड्ढे से मिला, मकान मालिक परिवार समेत गायब

गाजियाबाद, 14 अक्तूबर (जनसत्ता)।

साहिबाबाद इलाके से संदिग्ध परिस्थितियों में 12 अक्तूबर को लापता हुए विधि (लॉ) के छात्र का शव दो दिन बाद सोमवार को उसी के मकान मालिक के घर से मिला है। छात्र का शव घर के कमरे में जमीन से छह फीट नीचे गड्ढे में दबा मिला। पुलिस को इसका पता उसकी फोन लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज से घर के इर्द-गिर्द घूमते मिलने से लगा। जब पुलिस ने मकान मालिक के घर जाकर तफ्तीश की तो वह भी गायब था। वही बेसमेट में फर्श तोड़कर खुदाई हुई तो छह फीट नीचे पंकज का शव दबा मिला। यह देखते ही सब हैरान रह गये। छात्र की हत्या का खुलासा होते ही पड़ोसियों में भी हड़कंप मच गया। पुलिस के संदेह की सुई मकान मालिक की तरफ घूम रही है।

जानकारी के अनुसार, मूलरूप से बिहार के बेगूसराय निवासी 28 वर्षीय पंकज यहां साहिबाबाद के गिरधर एन्क्लेव में रहता था। वह आइएमई कॉलेज से एलएलबी कर रहा था। पंकज अपना पढ़ाई का खर्चा चलाने के उद्देश्य से कॉलोनी में ही साइबर कैफे चलाता था। वह अचानक ही 10 अक्तूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था। उसके परिजनों द्वारा लगातार फोन लगाने के बाद भी जब उसका फोन नहीं उठा, तो उन्होंने तलाश के बाद 12 अक्तूबर को मामले की शिकायत साहिबाबाद थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि पंकज कुछ समय पहले केवल 15 दिन के लिए एक मकान में किराए पर रहा था। पंकज ने बताया था कि उसका मकान मालिक ठीक नहीं था। जिसके चलते उसने जल्द ही कमरा खाली कर दिया। मकान मालिक परिवार समेत गायब है।

### जामिया के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक छात्र ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सोमवार को पुलिस को दी गई थी। छात्र की पहचान करेल निवासी इरफान बीके (22) के तौर पर हुई है। वह इन दिनों ओखला स्थित एक किराए के मकान में अपने दोस्त के साथ रह रहा था। घटना के बारे में उस वक्त पता चला जब उनका रूम मेट कॉलेज से लौटा और उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। पुलिस को 18 सेकंड का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें छात्र ने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स में रखवा दिया है और जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि वह काफी गुस्से वाले प्रवृति के थे।

### नोएडा में 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 14 अक्तूबर।

सेक्टर-16 में सोमवार सुबह 19 वर्षीय अरविंद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक उदय भान सेक्टर- 16 में रहते हैं। उनका छोटा भाई अरविंद भी साथ रहता था। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। सोमवार सुबह अरविंद ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उदय के कमरे में आने पर उसे फांसी के फंदे पर लटके देखा। उदय भान उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। एसएचओ राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## 'अभिजीत का नोबेल मेरे लिए गौरव की बात'




जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

अर्थशास्त्र के नोबेल से नवाजे गए भारतीय मूल के प्रोफेसर अभिजीत बनर्जी के शिक्षक रहे जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर अंजन मुखर्जी इस उपलब्धि को खुद के लिए और जेएनयू के लिए गौरव मानते हैं।

प्रोफेसर अंजन मुखर्जी का कहना है कि कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में अभिजीत के पिता दीपक बनर्जी उनके शिक्षक रहे हैं। जब अभिजीत दो या तीन साल के थे, तब से उनके घर जाते थे ओर उन्हें पहचानते थे। जेएनयू में जब वह प्रोफेसर बने तो 1981 से 1983 तक अभिजीत उनके छात्र रहे। प्रोफेसर मुखर्जी का कहना है कि उन्होंने अपने 37 साल के शिक्षक जीवन में अभिजीत से बेहतर छात्र नहीं देखा। उन्होंने बताया कि अभिजीत से 1983 में जेएनयू से पास आउट होने के बाद भी मुलाकात होती रही है। उनकी आखिरी मुलाकात दो साल पहले एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इस दौरान दोनों में लंबी बातचीत हुई थी। अभिजीत जब भी उनसे मिलते हैं तो अर्थशास्त्र पर बात होने के साथ ही वह उनकी सेहत के विषय में जानकारी लेना नहीं भूलते। नोबेल मिलने के बाद उन्होंने अभिजीत को ई-मेल भेजा है, जिसका जवाब अभी नहीं आया है। वहीं, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि जेएनयू से 1983 में एमए अर्थशास्त्र करने वाले प्रोफेसर अभिजीत विनायक बैनर्जी को वैश्विक गरीबी को खत्म करने के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जेएनयू उनकी इस उपलब्धि पर गर्व करता है। हमारे पूर्व छात्र जेएनयू के पथ प्रदर्शक हैं। हमने इन पर गर्व है।

मधुमेह के बढ़ते असर से क्षतिग्रस्त हो रहीं नसें

## शरीर में चुभन और दर्द भी महसूस नहीं कर पा रहे मरीज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

जूतों के अंदर मरा हुआ चूहा, छिपकली, कंकड़ या कील होने पर भी उसे पहनकर घंटों घूमने वालों को इस बात का एहसास ही नहीं होता की जूतों के अंदर कोई चीज उन्हें चुभ भी रही है। लेकिन यह सच है।

दिल्ली के अस्पतालों में डॉक्टरों के पास आए मधुमेह के मामलों में ऐसे उदाहरण देखने को मिले हैं, जिसमें रोगी का मधुमेह इतना बिगड़ गया है कि उसके नसों (नर्व) पर असर पड़ रहा है। शुगर के कारण उसकी नसें खराब हो चुकी होती हैं इसलिए उसे दर्द या चुभन का पता ही नहीं चलता। ऐसे ही एक मरीज के बारे में बताते हुए गंगाराम अस्पताल के इंस्टीट्यूट ऑफ वैस्कुलर एंड एंडोवैस्कुलर साइंसेज के अध्यक्ष डॉ वारिंदर एस बेदी ने कहा कि मधुमेह के इलाज के लिए आए एक मरीज को अपने सामने जूता झाड़ने को कहा तो उनके जूते से मरा हुआ चूहा गिरा। मरीज को इसका पता नहीं चला जबकि वे घर से अस्पताल तक चल कर आए थे। डॉ बेदी ने बताया कि अत्यधिक शुगर से नसें सुन्न या खराब होने से कोई अड़चन, चुभन या दर्द का अहसास नहीं रह जाता। इसी तरह दूसरे अन्य मरीजों में नसें फूल भी जाती हैं जिनका ऑपरेशन करके इलाज किया जाता है। पहले नसों को खोल कर ठीक किया जाता था लेकिन अब अस्पताल ने उच्च स्तरीय हाइब्रिड ऑपरेटिंग रूम (एचओआर) की स्थापना की है, जिसमें वैस्कुलर अनुप्रयोगों के लिए अत्याधुनिक सर्जिकल टेबल के साथ आर्टिस क्यू एंजियोग्राफी सिस्टम है इससे तेजी से ऐसे 1000 मरीजों का इलाज किया गया।

डॉ वेदी ने कहा कि वैस्कुलर रोगों का तात्पर्य शरीर में रक्त वाहिकाओं खून की नसों में और रक्त संचरण की खराबी से है। यह बीमारी भारत में तेजी से बढ़ रही है। इसका बड़ा कारण बदलती जीवनशैली और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां हैं। आज भारत विश्व में मधुमेह की राजधानी है, जहां मधुमेह से पीड़ित लोगों की संख्या लगभग 60 करोड़ है। वैरिकोस वेन्स और डीप वेन थ्रॉम्बोसिस के मामले गंभीर जटिलताओं के साथ बढ़ रहे हैं। जिनसे खून की नलियों को क्षति होती है ऐसे मामले बढ़ रहे हैं।

### मधुमेह नियंत्रित न होने पर अंगों पर प्रभाव

एम्स के अंत:स्रावी ग्रंथि विभाग के डॉ राजेश खडगावत का कहना है कि अगर रक्त शर्करा दवा के बाद भी नियंत्रित न हो तो वह तमाम अंगों के साथ नसों पर भी असर डालता है। ऐसे में मरीजों के हाथ-पैर की नसों में अहसास का स्तर कम होने लगता है और धीरे-धीरे लगभग खत्म भी हो सकता है। इसलिए ऐसे मरीजों को खास एहतियात बरतने की दरकार होती है। अपने हाथ पैरों व आंखों का खास खयाल रखें।

जनसत्ता

15 अक्तूबर, 2019

# बिगड़ती हवा

राजधानी दिल्ली की हवा फिर खराब हो रही है। हर साल की तरह यह चेतावनी मिलनी शुरू हो गई है। वायु प्रदूषण लंबे समय से दिल्ली की बड़ी समस्या बना हुआ है, लेकिन अक्तूबर-नवंबर के महीने में यह समस्या उस वक्त ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है जब पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के खेतों में पराली जलाने से होने वाला धुआं दिल्ली के आसमान पर परत बन कर छा जाता है। यह हर साल की समस्या है। इससे दिल्ली की आबादी का बड़ा हिस्सा सांस और फेफड़े की बीमारियों का शिकार होता है और लोग अस्पतालों की ओर भागने को मजबूर होते हैं। लेकिन इतना सब कुछ होने और झेलने के बाद भी अगर पराली जलाने पर रोक नहीं लग पा रही है तो यह केंद्र और राज्य सरकारों की असफलता ही मानी जाएगी। पराली जलाने के मसले पर पिछले तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक ने कड़े निर्देश दिए, पर्यावरण मंत्रालय की निगरानी में टीमें बनाईं जो पराली जलाने के विकल्प खोजे और राज्य सरकारों को पराली जलाने वाले किसानों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, पर इन सबका कोई ठोस नतीजा अब तक सामने आया नहीं है।

चिंता की बात यह है कि इस बार पराली जलाने की घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ी हैं। हालांकि केंद्र और पंजाब सरकार की ओर से दावे किए जा रहे हैं कि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आ रही है। लेकिन पंजाब सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक इस बार बारह अक्तूबर तक पंजाब में पराली जलाने की छह सौ तीस घटनाएं दर्ज की गई हैं। जबकि पिछले साल इसी अवधि में चार सौ पैंतीस मामले दर्ज हुए थे। हरियाणा में कई जगह पराली जलाई जा रही है। दरअसल, किसानों के सामने मजबूरी यह है कि पराली जलाएं नहीं तो करें क्या! किसानों को पराली नष्ट करने का विकल्प सुझाने में सरकारें नाकाम रही हैं। जबकि दावे तो ये किए जा रहे हैं कि कई जगहों पर पराली कटवा कर बिकवाई जा रही है, लेकिन अगर ऐसा है भी तो बहुत ही कम जगहों पर। ज्यादातर किसानों के समक्ष आज भी पराली जलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। पिछले साल पंजाब सरकार ने किसानों को पराली नष्ट करने की मशीनें देने की योजना बनाई थी, लेकिन ज्यादातर किसान गरीब हैं और वह योजना इनके लिए निरर्थक साबित हुई। ऐसे में पराली का किया क्या जाए, किसी को समझ नहीं आ रहा। देश में कृषि विशेषज्ञों की कमी नहीं है, कृषि विश्वविद्यालयों से लेकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जैसे बड़े वैज्ञानिक संस्थान हैं, लेकिन पराली का धुआं न निकले, इसका इलाज कोई नहीं कर पा रहा। यह पराली जलाने से ज्यादा चिंताजनक है।

हाल में अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा ने पंजाब के खेतों में जलती पराली की तस्वीरें जारी की थीं। हालांकि पंजाब सरकार का तर्क है कि धुआं सिर्फ पराली का नहीं है, इसमें कचराघरों और श्मशानों से उठने वाला धुआं भी शामिल है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण रोकने के लिए थोड़े-बहुत जो प्रयास हुए हैं उनका कुछ असर दिखा भी है। लेकिन व्यापक स्तर पर जिस कवायद की जरूरत है वह दिखाई नहीं देती। सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर अभी भी पंद्रह साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहनों का दौड़ना है। आज भी ऐसे वाहनों की संख्या लाखों में है। लेकिन सरकार ऐसे वाहनों पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। इसके अलावा दिल्ली के कुछ खास इलाकों को छोड़ दें तो अनेक जगहों पर कचरा जलते देखा जा सकता है। सरकार अपने स्तर पर कदम तो उठा रही है, लेकिन लोगों को जागरूक करना ज्यादा बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

# कुर्दों पर हमले

उत्तर-पूर्वी सीरिया में कुर्द सैनिकों और तुर्की की सेना के बीच पिछले पांच दिन से चल रही लड़ाई ने इस क्षेत्र को गंभीर संकट में झोंक दिया है। तुर्की की सेना सीरिया के उत्तर-पूर्व में कुर्द बहुल इलाकों में ताबड़तोड़ हमले कर रही है और कुर्दों पर कहर बरपा रही है। बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने और जख्मी होने की खबरें हैं। लाखों बेघर हो गए हैं। इससे गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। तुर्की की सेना ने सीरियाई शहर सुलूक पर कब्जा कर लिया है। पश्चिम एशिया का यह क्षेत्र युद्ध के नए अखाड़े में तब्दील हो गया है। मामला ज्यादा गंभीर रूप इसलिए ले चुका है कि इस संकट के मूल में अमेरिका है। उसके अपने हित हैं, ऐसे में इस समस्या के सुलझने के आसार दूर-दूर तक नहीं हैं।

अब यह साफ हो चुका है कि अगर अमेरिका सीरिया और तुर्की की सीमा से अपने सैनिकों को हटाने का फैसला नहीं करता तो आज हालात नहीं बिगड़ते। ट्रंप अगले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं और उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया है कि अफगानिस्तान और सीरिया जैसे देशों से अमेरिकी सैनिकों की वापसी होगी। अफगानिस्तान से तो यह संभव नहीं हो पाया है, लेकिन सीरिया में इस फैसले का असर तुर्की के हमले के रूप में आया है। अमेरिकी सैनिकों के हटते ही तुर्की ने कुर्दों के नियंत्रण वाले ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए। तुर्की में बीस फीसद कुर्द आबादी है। तुर्की कुर्दों को आतंकवादी करार देता आया है। दरअसल, इराक, सीरिया और तुर्की के कुर्द बहुल क्षेत्र में रहने वाले कुर्द सुन्नी मुसलमान हैं और लंबे समय से अलग कुर्दिस्तान राष्ट्र के गठन के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में तुर्की को यह डर सता रहा है कि अगर अलग कुर्दिस्तान राष्ट्र बन गया तो उसके यहां की बीस फीसद कुर्द आबादी भी उसके लिए बड़ा संकट बन जाएगी।

ट्रंप ने कुर्दों की वफादारी पर सवाल उठाते हुए यहां तक कह डाला कि इस्लामिक स्टेट (आइएस) के साथ लड़ाई में कुर्दों ने अमेरिका का साथ नहीं दिया। जबकि इराक में सद्दाम हुसैन की सत्ता को उखाड़ फेंकने में अमेरिका का सबसे ज्यादा साथ तो कुर्द लड़ाकों ने ही दिया था। सीरिया में भी आइएस के लड़ाकों से मुकाबले में अमेरिका के साथ कुर्द ही कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहे हैं। अब संकट यह भी है कि तुर्की के हमलों के इस इलाके में आइएस फिर से सक्रिय हो सकता है। कुर्द सैनिकों ने बड़ी संख्या में आइएस के लड़ाकों को स्थानीय जेलों और शिविरों में बंद कर रखा था। लेकिन हमले के बाद आइएस के ज्यादातर लड़ाके भाग निकले हैं। पश्चिमी देशों सहित सऊदी अरब जैसे देश तुर्की की इस कार्रवाई के खिलाफ हैं, वहीं पाकिस्तान ने तुर्की के रुख का समर्थन किया है, क्योंकि कश्मीर के मुद्दे पर तुर्की पाकिस्तान के साथ खड़ा है। लेकिन भारत ने सीरियाई क्षेत्र की संप्रभुता की रक्षा पुरजोर वकालत करते हुए तुर्की के हमलों की कड़ी निंदा की है और इसे गंभीर मानवीय संकट बताया है। पर बड़ा सवाल यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का झंडा उठाने वाला अमेरिका अपने स्वार्थ के लिए कब तक निर्दोष नागरिकों को युद्ध की आग में झोंकता रहेगा!

## कल्पमेधा

**अपनी गलती स्वीकार कर लेने में लज्जा की कोई बात नहीं है। इससे दूसरे शब्दों में यही प्रमाणित होता है कि कल की अपेक्षा आज आप अधिक समझदार हैं।**

**-अलेक्जेंडर पोप**

# रिश्तों की कूटनीति में भारत का बाजार

संजीव पांडेय

**इन दिनों चीन खुद अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध ने चीन के उद्योगों और विकास दर को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। चीनी निर्यात पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुल्क का असर चीनी अर्थव्यवस्था पर तेजी से पड़ रहा है। इस स्थिति में भारत का विशाल बाजार चीन के लिए बड़ी ताकत बना हुआ है।**

महाबलीपुरम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दोनों मुल्कों में आपसी रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए बात हुई। इसी में आतंकवाद से लेकर कारोबार, सीमा विवाद आदि मुद्दे भी आए। दोनों पक्षों ने 'चेन्नई कनेक्ट' को भारत-चीन संबंधों में नए युग की शुरुआत बताया है। उम्मीद की जा रही है कि वुहान से आगे महाबलीपुरम में विश्वास और बढ़ा है। यह पूरे दक्षिण एशिया के विकास, क्षेत्रीय सहयोग और शांति के लिए जरूरी है। सहयोग और शांति के लिए संवाद ही महत्त्वपूर्ण उपाय है। हालांकि भारत-चीन के बीच तमाम विवादों का हल निकालने में चीन ने पिछले साठ सालों में कोई खास रुचि नहीं दिखाई है। लगभग साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच काफी लंबे समय से विवाद है। जम्मू-कश्मीर को लेकर चीन पूरी तरह से पाकिस्तान के साथ है। भारत-चीन के बीच होने वाले द्विपक्षीय व्यापार में व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में है। व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। भारत के निर्यात घाटे का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। इसके अलावा चीन बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर और हिंद महासागर तक में भारत की घेरेबंदी कर रहा है और अपनी सामरिक स्थिति मजबूत कर रहा है।

लंबे समय तक तनाव के बाद राजीव गांधी की सरकार ने चीन के साथ संवाद शुरू किया था। उनके कार्यकाल में विदेश सचिव स्तर पर भारत और चीन की बातचीत शुरू हुई थी। इस परंपरा को अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में जारी रखा गया। अब दोनों मुल्कों के मुखिया अनौपचारिक बैठक कर रहे हैं। समय की मांग यही है कि दोनों देशों के बीच संवाद से विश्वास कायम हो। इसी में दोनों देशों का हित है। पर इसके लिए जरूरी है कि संवाद यथार्थ के धरातल पर हो। हमें स्वीकार करना होगा कि चीनी विदेश नीति चीन के हितों पर आधारित है। चीन भारत से बातचीत के दौरान कहीं भी अपने हितों का त्याग नहीं करेगा। चीन भारत का विशाल बाजार नहीं खो सकता। भारतीय बाजार में चीनी उत्पादों की भरमार ने सिर्फ भारत के व्यापार घाटे को नहीं बढ़ाया है, बल्कि भारतीय कृषि और उद्योग जगत की कमर तोड़ दी है। इसे आंकड़ों से समझने की जरूरत है। 2018-19 में भारत का कुल व्यापार घाटा एक सौ तीन अरब डॉलर था। इसमें चीन की भागीदारी तिरपन अरब डॉलर की थी, आधे से भी ज्यादा। चीनी निर्यात ने भारतीय कृषि और उद्योग जगत को खासा नुकसान पहुंचाया है। वुहान और महाबलीपुरम दोनों ही बैठकों में व्यापार संतुलन पर बातचीत हुई, लेकिन इसका परिणाम क्या होगा, इसका फिलहाल अंदाज लगा पाना मुश्किल है।



इन दिनों चीन खुद अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध ने चीन के उद्योगों और विकास दर को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। चीनी निर्यात पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुल्क का असर चीनी अर्थव्यवस्था पर तेजी से पढ़ रहा है। इस स्थिति में भारत का विशाल बाजार चीन के लिए बड़ी ताकत बना हुआ है। चीन जल्द से जल्द सोलह देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार संधि (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी) को लागू करवाने की कोशिश में है, क्योंकि इससे सबसे ज्यादा लाभ चीन को ही होना है। भारत भी इस संधि में भागीदार बनने जा रहा है। हालांकि भारतीय कृषि और उद्योग जगत ने इस संधि का कड़ा विरोध किया है। इस संधि में शामिल होने के बाद भारत के कृषि उत्पाद, वस्त्र, इस्पात सहित कई बड़े उद्योग प्रभावित होंगे। डेरी क्षेत्र को भी इससे नुकसान पहुंचेगा। इस संधि में भारत के शामिल होने के बाद चीनी सामान से भारतीय बाजार भर जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

इस बात को पूरी दुनिया मान रही है कि चीन एक बहुत बड़ी आर्थिक ताकत है। चीन की अर्थव्यवस्था इस समय चौदह लाख करोड़ डॉलर की है। यह भारत की अर्थव्यवस्था से पांच गुनी बड़ी है। भारत की अर्थव्यवस्था पौने तीन लाख करोड़ डॉलर की है। आठवें दशक तक भारत की अर्थव्यवस्था का आकार चीन की अर्थव्यवस्था के बराबर था। चीन आज अपने रक्षा बजट पर ढाई सौ अरब डॉलर सालाना खर्च कर रहा है। उसने अमेरिका की तर्ज पर दुनिया के कई बंदरगाहों को विकसित कर अपने सैन्य अड्डे विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। चीन के सार्वजनिक क्षेत्र से लेकर निजी क्षेत्र की कंपनियां तक पूरी दुनिया में निवेश कर रही हैं। जहां भारतीय कंपनियां विदेशों में पूंजी निवेश को लेकर सोचती हैं, वहीं चीन की कंपनियां विदेशों में दनादन पैसे लगा रही हैं।

अफ्रीकी से लेकर एशियाई देश तक चीनी पूंजी के गिरफ्त में हैं। भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमा और नेपाल में चीन ने खासा निवेश किया है। पाकिस्तान में साठ अरब डॉलर और बांग्लादेश में अड़तीस अरब डॉलर के निवेश पर चीन ने काम शुरू कर रखा है। म्यांमा में चीन खासा निवेश कर चुका है। भारत का पड़ोसी नेपाल चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव परियोजना का भागीदार बन चुका है। चीन-नेपाल के बीच बृहद हिमालयन रेल, रोड जोड़ योजना पर काम शुरू हो चुका है।

दरअसल जिनपिंग महाबलीपुरम से वापसी के वक्त नेपाल पहुंचे थे। दिलचस्प बात यह थी कि चीनी मीडिया ने जिनपिंग की महाबलीपुरम यात्रा से ज्यादा नेपाल यात्रा को महत्त्व दिया। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता है कि महाबलीपुरम की यात्रा से पहले जिनपिंग ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात कर संकेत दिया था कि पाकिस्तान चीन के लिए काफी अहमियत रखता है। जिनपिंग की भारत यात्रा से ठीक पहले इमरान खान का चीन दौरा और महाबलीपुरम से लौटते हुए जिनपिंग का नेपाल जाना भारत के लिए सांकेतिक इशारा था कि भारत के दो पड़ोसी मुल्क चीन के लिए भारत से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने भारत विरोध और चीन समर्थन के लिए खासे जाने जाते हैं।

मोदी और जिनपिंग का संवाद अच्छे परिणाम लाएगा, इसकी पूरी उम्मीद है। लेकिन महाबलीपुरम में जिनपिंग ने कश्मीर को लेकर कोई बात नहीं की। शायद भारत यह मान कर चल रहा है कि कश्मीर पर चीन की नीति में कोई बदलाव नहीं आएगा। जम्मू-कश्मीर को लेकर चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा, यह भारतीय कूटनीति के निर्धारकों को पता है। गिलगित-बलतिस्तान, अक्साईचिन और पाक अधिकृत कश्मीर में चीन के आर्थिक हित हैं। यहां पर चीन ने अरबों डॉलर का पूंजी निवेश किया है। भारतीय कूटनीति की परीक्षा यहीं पर होगी। कश्मीर को लेकर चीन, मलेशिया और तुर्की पाकिस्तान के साथ खुल कर खड़े हैं।

महाबलीपुरम वार्ता से पहले पाकिस्तान में तैनात चीनी राजदूत ने कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ बयानबाजी की। चीनी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के पक्ष में मोर्चा खोला। लेकिन चीन से होने वाले भारी आयात पर भारत अभी तक चुप है। महाबलीपुरम में कश्मीर पर जिनपिंग ने कोई बातचीत ही नहीं की। हालांकि भारत के पास इस समय चीन से विरोध जताने के लिए काफी कुछ है। अमेरिका चीन को हांगकांग, तिब्बत और पश्चिमी चीन में मानवाधिकार दमन पर लगातार घेर रहा है। उइगुर मुसलमानों के दमन को आधार पर बना कर अमेरिका ने हाल में कुछ चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध भी लगाया है। लेकिन भारत फिलहाल हांगकांग तिब्बत और उइगुर मुसलमानों के मानवाधिकारों को लेकर चुप है।

# राह का कनेर

विवेक कुमार मिश्र

**दुनिया मेरे आगे**

हरियाली और रास्ता खींचते ही रहे हैं। खासकर तब जब बारिश के दिनों में कहीं जा रहे होते हैं। बारिश के साथ धरती खिल जाती है। धरती का खिल जाना, महकना और रंगों में डूब जाना ही एक तरह से बारिश में पृथ्वी का नहाना है। एक तरह से देखें तो पृथ्वी पर हर मौसम अपने रंग और जज्बे से अपनी ओर खींच ही लेता है, पर बारिश के दिन की बात ही अलग होती है। कोटा से जयपुर के रास्ते पर चलते-चलते सड़क, हरियाली और दूर-दूर तक पसरे खेत अपनी ओर बुलाते से लगते हैं। यहां जीवन जीने की हलचल अलग से दिखती है। जीवन के शांत और सौम्य परिवेश में ऐसा लगता है मानो बादलों से बातें करते हुए जा रहे हों। वे कब आकर बरस जाएंगे, कुछ कह नहीं सकते। बादलों की आवाजाही और धूपछाया के बीच हल्की फुहार और इन सबके साथ सड़क विभाजक यानी डिवाइडर पर खिली हरियाली जीवन का प्रतीक बन कर छाई हुई थी। इस हरियाली में जीवन खिला-खिला दिखता है। डिवाइडर पर मन को भाने वाले पौधे कनेर, बोगनबेलिया, चंपा और ठिगने पौधे जो ज्यादा बढ़ते नहीं पर हरे-भरे बने रहते हैं, इनका हरा-भरा बने रहना राहगीरों को भाता है।

ये पौधे मन की चेतन अवस्था को प्रकट करते हैं। सड़क पर जीना आसान नहीं। यहां वही जी सकता है जो हर तरह के अभावों के बीच रहता आया हो। जीने की इच्छा इतनी प्रबल हो कि भूख-प्यास सब सह सके और इसके बाद खिलखिलाता रहे। सड़क के पौधे तो खिलखिलाते ही रहते हैं और हर मौसम में खुश रहना जानते हैं। इन्हें इस बात से मतलब नहीं कि कोई इनकी फोटो ले रहा है कि नहीं। फोटो संस्कृति से बहुत दूर ये मगन रहते हैं। कनेर को मगन भाव से देखता हूं तो यही लगता है कि ये शायद सड़क मार्ग के लिए ही बने हैं। सड़क पर धुआं हो या धुंध, ये सब सह लेते हैं, खिलखिलाते रहते हैं।

कोई जरूरी नहीं कि सबको व्यवस्थित जगह ही मिले। होना तो यह चाहिए कि जो जगह मिल गई है, कोई वहीं पर मगन हो ले। खिलखिलाना ही मनुष्यता का उत्सव है। इस उत्सव को बारिश में पूरी तरह से खिलने का अवसर मिलता है। जब बारिश से पत्तियां धुल जाती हैं और जीवंत हो जाती हैं तो लगता है कि हां, जीवन जी लिया। जीवन जीने का यही भाव कनेर की पत्तियों, फूल और हरियाली के साथ रास्ते को देख कर लगता है। राह के कनेर, बोगनवेलिया बरबस ही ध्यान खींच लेते हैं। कनेर हरे देह पर धारण किए रहते पीले-पीले फूल। ये मन में बस जाते हैं। इनकी जीवंत छवि, पीले फूल इस तरह सज जाते हैं कि पूछिए मत! मन खिल जाता है। वहीं आसपास पुराने पड़ चुके पीले जर्जर फूल भी पड़े रहते हैं। कनेर भौतिकता के अथाह सागर में अपनी निर्लिप्तता के लिए जाना जाता है। इसे चकाचौंध छूकर भी नहीं आई। याद आता है कि गांव में भी कनेर कुएं के पास खड़ा है। वर्षों से इसी तरह खिला पड़ा रहता है। कोई देखभाल नहीं, कोई देखे न देखे, कनेर खिला रहता।

कनेर में खिलने की एक स्वाभाविक वृत्ति है। मौसम की मार को सहते हुए भी खिल जाता है। जब लोगबाग इसके पास आते हैं तो फूल और फल (कोइना) देने के लिए तत्पर हो जाता है। लोगबाग पूजा भाव से फूल तोड़ते हैं तो बच्चे खेल भाव से। कनेर पर कोई फर्क नहीं पड़ता। इसे किसी संग साथ की जरूरत महसूस नहीं होती। भाव-अभाव, सबमें खिलना, बने रहना जानता है। कनेर एक प्रतीक है जीवन के इस भाव का कि जब आपको खिलना है, मगन रहना है तो किसी की परवाह न करें। यह मत सोचें कि कौन क्या सोचेगा, क्या कहेगा! अगर यह सोचेंगे तो कुछ कर ही नहीं सकते। कौन क्या सोचता है, यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि आप क्या सोचते हैं, आपकी सोचने की प्रक्रिया क्या है, इस पर काम करें और अपनी गति को प्रारंभ करें।

यह मन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसे दूसरों के आधार पर बनाना गलत होगा। यह तभी संभव होगा, जब आप किसी की भी परवाह किए बिना अपने मूल स्वभाव में जीते हैं। मूल स्वभाव में बने रहना और हर स्थिति के साथ जीना, साक्षात्कार करना और हर तरह की प्रतिकूलताओं को अपने भीतर जज्ब करने का भाव ही आपको बड़ा बनाता है। कनेर तो बस अपनी जगह पर बना रहता है। कोई आए तो ठीक, न आए तो ठीक। संसार में जीने से बढ़ कर कुछ नहीं है। राह के डिवाइडर पर तन कर बने रहने वाले ये फूल जीवट के प्रतीक भी कहे जा सकते हैं। यहां कोई देखने वाला है या नहीं है! यहां तो सख्त जान का पौधा और आदमी ही चल पाएगा।

## दूरियों के बावजूद

एक बात तो बिल्कुल सच्ची और बड़ी दिलचस्प भी है कि जब पाकिस्तान का विरोध करने की धुकधुकी होने लगती है तो चाहे राजनीति वाले हों या तथाकथित देशभक्त और मीडिया के चैनल, सब में एक-दूसरे से आगे निकल जाने की होड़ लग जाती है। विपक्ष भी अन्यथा असहमत होने के बावजूद इस प्रसंग में हामी भरने की प्रतिबद्धता दिखाता है। एक सच्चे देशभक्त होने का सबसे बड़ा सबूत और सुकून ही जैसे यह हो चला है कि पाकिस्तान की जम कर धुनाई करो, खिल्ली उड़ाओ और सब तरफ लकीरें खींच कर उसे दुनिया के नक्शे पर 'अलग-थलग' करा देने का श्रेय लूटो। विचारों में तालमेल और कहीं हो या न हो, पर इस सियासी खेल में सभी शामिल हो जाते हैं। चलिए, कोई एक बिंदु तो है जहां आकर हमारे प्रमुख राजनीतिक दलों में 'मिले सुर मेरा-तुम्हारा' हो जाता है।

यह सोच कर थोड़ी तसल्ली होती है, क्योंकि पहले ऐसा नहीं होता था, या कम होता था। लेकिन अब तो स्थिति यह है कि पाकिस्तान को पड़ोसी की बजाय दुश्मन बताने पर सहमति वाली गर्दन हिलाना बेहतर माना जाता है। इस तरह देखें तो पाकिस्तान का शुक्रिया करना बनता है। पाकिस्तान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के मिजाज थोड़े अलग हैं। लोकसभा चुनावों के दौरान भी पार्टी का प्रचार-राग पाकिस्तान ही रहा। बालाकोट, पुलवामा वगैरह इसी राग के वादी-संवादी स्वर थे।

लेकिन यह जरूरी नहीं है कि एक दल या उसके समर्थकों की सोच संपूर्ण देश के मन का वशीकरण कर ले। कश्मीर के संदर्भ अलग हैं। लेकिन बंटवारों के दंश झेलने वाला देश का छोटा-सा सूबा पंजाब, जो इधर 'चढ़दा पंजाब' कहाता है, सात दशक बीत चुकने के बाद भी अपनी देह के कटे हिस्से 'लैंहदा पंजाब' को भीतर धड़कते हुए पाता है। यह स्थिति दोनों तरफ एक-सी है और ये अहसास हमेशा बने रहेंगे। महज इसलिए नहीं कि दोनों के पुरखों की राख दूसरी तरफ वाली मिट्टी में समाई हुई है। बल्कि इसलिए ज्यादा कि उनके लिए वह धरती बाबा नानक और अपने सूफियों, पीरों-फकीरों के नाम पर पूजनीय है। दहशतगर्दी की आंधियां सरहद के उस पार से उठें या इस पार से, चुनावी मंचों पर खड़े सियासतदान जंग की धमकियां दें या परमाणुओं की, पंजाब यह सब झेलते हुए भी दूरियां मिट जाने की कल्पना से रोमांचित होता रहा है।

● *शोभना विज, पटियाला*

## आपदा और सजगता

ऐसी कई प्राकृतिक या अप्राकृतिक घटनाएं होती हैं जिसके कई पक्ष होते हैं। पटना में बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा को देखें तो यह घटना एक ओर जहां प्रकृति की मार है, वहीं दूसरी ओर व्यवस्था की विफलता। इसीलिए कह सकते हैं कि यह कोई नई आपदा नहीं है कि जिसके प्रति हम जागरूक नहीं रहें और हमारी व्यवस्था अनुकूल न रहे। यह तो आदिकाल से मानव जीवन ही नहीं वरन संपूर्ण जीव जगत के लिए संकट का विषय है। सर्वविदित है कि विश्व भर में जापान इकलौता देश है जहां भूकम्प जैसी आपदा आम बात है, फिर भी वह एक संपन्न राष्ट्र है। सजगता और विकसित विनिर्माण विधि द्वारा जापान और उसके नागरिकों ने इस चुनौती से लड़ना सीख लिया। हम व्यवस्था और प्रकृति को दोष न देकर यदि आज भी सजग हो जाएं तो बड़ी-से-बड़ी आपदाओं का सामना बिना व्यापक क्षति के कर सकते हैं। हर व्यक्ति जागरूक हो, व्यवस्था सजग हो।

● *कर्मवीर साव, श्रीनगर, बेलहर, बांका, बिहार*

## वृद्धि की उम्मीद

रिजर्व बैंक द्वारा पेशेवर आकलनकर्ताओं के बीच कराए गए छमाही सर्वेक्षण में भी जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 6.1 पर रहा। 2020-21 के लिए यह सात फीसद तक पहुंचा है। यह केंद्रीय बैंक के स्वयं के अनुमान के मुताबिक है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बार-बार कहा है कि जब भी गुंजाइश होगी केंद्रीय बैंक व आयकर परिवर्तन संबंधी चिंताओं को दूर करने और अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद करता रहेगा। अगस्त-सितंबर में निवेश और वृद्धि बढ़ाने के सरकार के आय, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति में सुधार, सरकारी बैंकों में पूंजी डालने और सरकारी बैंकों के विलय से जीडीपी वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा कारपोरेट आयकर की दर में कमी, दबाव वाली परिसंपत्तियों के तेजी से समाधान और रेपो दर में कटौती का लाभ नीचे तक पहुंचाने से वृद्धि बढ़ाने में मदद मिलेगी।

● *अजीत कुमार गौतम, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## बैंकों की भूमिका

किसी देश के बैंकों पर उसकी अर्थव्यवस्था का दारोमदार होता है। ऐसे में जब बैंकिंग व्यवस्था संकट से गुजरती है या उस पर संदेह गहराता है तो उससे अर्थव्यवस्था भी खासा प्रभावित होती है। भारत की अर्थव्यवस्था आज जिस स्थिति में है उसमें बैंकों की बड़ी भूमिका है।

यह सर्वविदित है कि बैंकिंग व्यवस्था वित्तीय लेन-देन से चलती है और विकास भी इसी से करती है। लेकिन तमाम घोटालों के बाद, मसलन- पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी बैंक)- लोग बैंकों पर ज्यादा भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सिमटने और बदनामियों के बाद ग्राहक वर्ग बैंकों की ओर बढ़ने से पहले एक बार सोच रहा है। ऐसे में जब नगदी बैंकों तक नहीं पहुंचेगी तो यह आने वाले समय में अर्थव्यवस्था के लिए और चुनौती भरा होगा।

दूसरी ओर अगर बैंकों के नजरिए से देखें तो गैर निष्पादित संपत्तियां उनके लिए गंभीर समस्या बनी हुई हैं। सरकार भी इन बैंकों की मदद करने के बजाय खुद इन पर निर्भर है। साथ ही बैंकों पर सरकारी योजनाओं को लेकर चलने का भी बोझ है। रेपो दर में लगातार कटौती रिजर्व बैंक की मजबूरी हो गई है मगर उसका कुछ खास असर नहीं हो रहा। अब इस स्थिति में सरकार को कोई ठोस और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे ताकि बैंकों से लेकर ग्राहक तक को बल मिले और अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके।

● *संजय दूबे, आईआईएमसी, नई दिल्ली*




## जरा हट के

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों पेरिस के एक स्कूल में बच्चों के साथ फोटो खिंचवाती हुईं।

## बोल

*अमेरिकी जनता साफ देख सकती है कि ट्रंप ने पद का उल्लंघन किया, राष्ट्र को धोखा दिया और महाभियोग लायक कृत्य किए। हमारे संविधान, लोकतंत्र, बुनियादी एकता की रक्षा के लिए उन पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए।*
*-जो बाइडेन, अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति*



## विवाद

*चीन अपने 'एक देश, दो तंत्र' कार्यक्रम के इस्तेमाल के जरिए हमें लगातार धमका रहा है और सभी तरह के हमले करने के साथ ही क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।*
*-साई इंग-वेन, ताइवान की राष्ट्रपति*



## सम-सामयिक

# औद्योगिक उत्पादन : मर्ज बेहिसाब, चुनौतियां बेशुमार

जनसत्ता संवाद

विनिर्माण, बिजली, खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से अगस्त महीने में औद्योगिक उत्पादन 1.2 फीसद घट गया। औद्योगिक उत्पादन का यह पिछले सात साल का सबसे खराब प्रदर्शन है। विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 15 उद्योग समूहों के उत्पादन में गिरावट आई।

पूंजीगत सामान और टिकाऊ उपभोक्ता सामान के उत्पादन में बड़ी गिरावट है। दो साल में यह पहला मौका है जबकि औद्योगिक उत्पादन नकारात्मक है। अगस्त, 2018 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.8 फीसद बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, आईआईपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 77 फीसद है। इसलिए इसका असर ज्यादा पड़ा है। इससे पहले अक्तूबर, 2014 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 1.8 फीसद घटा था।

बिजली क्षेत्र का उत्पादन 0.9 फीसद नीचे आया। अगस्त, 2018 में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 7.6 फीसद बढ़ा था। वहीं खनन क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि 0.1 फीसद पर स्थिर रही। पूंजीगत सामान का उत्पादन 21 फीसद से अधिक घट गया। पिछले साल समान महीने में पूंजीगत सामान का उत्पादन 10.3 फीसद बढ़ा था। टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र का उत्पादन भी 9.1 फीसद घट गया। अगस्त, 2018 में यह 5.5 फीसद बढ़ा था। बुनियादी ढांचा-निर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा। इस क्षेत्र में 4.5 फीसद की गिरावट आई। अगस्त, 2018 में इस क्षेत्र ने आठ फीसद की वृद्धि दर्ज की थी। उपभोक्ता गैर टिकाऊ सामान क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि घटकर 4.1 फीसद रह गई। एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 6.5 फीसद बढ़ा था। अब कारोबारी और आम लोग मानने लगे हैं कि नोटबंदी और उसके बाद जीएसटी लागू होने से विकास दर में गिरावट आनी शुरू हुई। इससे पहले विकास दर 8.2 फीसद की रफ्तार से बढ़ रही थी। फिलहाल यह 2013-14 की विकास दर से भी काफी नीचे चली गई है। उस साल विकास दर 6.4 फीसद थी।

नोटबंदी के बाद मांग में असर देखने को मिला, जिससे लोगों की आमदनी प्रभावित हुई और नौकरियां भी गईं, जिसे अर्थशास्त्री बहुआयामी प्रभाव कहते हैं। इसके बाद जीएसटी लागू होने के बाद आयात पर असर पड़ा, क्योंकि आयात करने वालों को रिफंड मिलने में देरी हुई। जैसे-जैसे नोटबंदी और जीएसटी का प्रभाव कम होने लगा, उसी समय आईएलएंडएफएस संकट से एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों पर संकट आने लगा। 2018 के अंत में वैश्विक तौर पर अमेरिका-चीन के बीच व्यापार युद्ध और कमजोर कारोबार का असर देश में भी दिखाई देने लगा।

सरकार ने पिछले एक साल में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई कदम उठाएं। रिजर्व बैंक ने पांचवी बार अपनी ब्याज दर कम की और सरकार ने पिछले दो महीने में कई तरह की छूट दी। इसके बावजूद औद्योगिक उत्पादन गिरा है और उसकी वजह है कि पिछले तीन साल में असंगठित क्षेत्र बड़ी बुरी तरह गिरा है। अब असंगठित क्षेत्र से परेशानी संगठित क्षेत्र में भी आ गई है। पिछले डेढ़ साल में ऑटो, रियल एस्टेट, एफएमसीजी, रेडीमेड कपडों, हवाई चप्पल से लेकर के बिस्किट इंडस्ट्री भी कमजोर मांग से प्रभावित दिख रहे हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश में 6300 करोड़ डॉलर की आवासीय परियोजनाएं अटकी हुई हैं। कंपनी के सितंबर माह में कुल 7,851 वाहन बिके।



### सरकारी आंकड़ों पर ही सवाल

औद्योगिक उत्पादन गिरने को लेकर केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद चर्चा में है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर फिल्में करोड़ों का कारोबार कर रही हैं तो फिर देश में मंदी कैसे है? हालांकि, बाद में उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जिन आंकड़ों को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने टिप्पणी की थी, वह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के मातहत मंत्रालय का विभाग है।

## शोध-अनुसधान

# इंजेक्शन से छुटकारा दिलाएगा कैप्सूल

जनसत्ता संवाद

*मधुमेह* के मरीजों को अब हर रोज इंसुलिन के इंजेक्शन लेने से छुटकारा मिलेगा, क्योंकि वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कैप्सूल तैयार किया है, जो बिना नुकसान हुए खून में घुल जाएगा और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करेगा।



देश में 50 वर्ष से अधिक उम्र के 11.8 फीसदी लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। इनमें महिला और पुरुष दोनों की संख्या करीब एक जैसी है। मधुमेह पर नियंत्रण के लिए डॉक्टर अक्सर मरीजों को उचित व्यायाम, आहार और शरीर के वजन को नियंत्रित रखने की सलाह देते हैं। कुछ मरीजों के लिए ये सलाह कारगर साबित नहीं होती और उन्हें ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए हर रोज इंसुलिन का इंजेक्शन लेना पड़ता है। हाल में ही वैज्ञानिकों को इस क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मिली है। वैज्ञानिकों ने इंसुलिन इंजेक्शन से छुटकारा दिलाने के लिए एक कैप्सूल विकसित किया है, उम्मीद है कि इससे मधुमेह से पीड़ित मरीजों को राहत मिल सकती है।

डेनमार्क की दवा निर्माता कंपनी नोवो नोरडिस्क के वैज्ञानिकों के साथ काम कर रहे मैसाच्युसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (एमआइटी) के शोधार्थियों ने यह कैप्सूल (दवा) बनाया है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि यह कैप्सूल छोटी आंत की लाइनिंग में इंसुलिन और अन्य दवाएं पहुंचा सकता है जिन्हें सामान्य तौर पर इंजेक्शन के जरिए शरीर में पहुंचाया जाता है।

मधुमेह दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है क्योंकि आज इसकी चपेट में युवा वर्ग भी है। मधुमेह बीमारियों का एक समूह है, जिसमें खून में ग्लूकोज या ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। ऐसा तब होता है, जब शरीर में इंसुलिन ठीक से न बने या शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन के लिए ठीक से प्रतिक्रिया न दें। जिन मरीजों का ब्लड शुगर सामान्य से अधिक होता है वे अक्सर बार-बार पेशाब (पॉलीयूरिया) से परेशान रहते हैं। अगर मधुमेह पर ठीक से नियंत्रण न रखा जाए तो मरीज में दिल, गुर्दे, आंखें, पैर एवं तंत्रिका संबंधी कई तरह की बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।

मधुमेह के दोनों की प्रकार यानी मधुमेह टाइप 1 और मधुमेह टाइप 2 में अलग से इंसुलिन लेने की जरूरत पड़ जाती है। दोनों ही परिस्थितियों में इंसुलिन का इंजेक्शन मरीजों को लेना पड़ता है। मरीजों को इस तकलीफ से छुटकारा दिलाने के लिए वैज्ञानिक काफी समय से दवा के रूप में इसे बनाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन हर बार उन्हें विफलता हाथ लगी रही थी। वैज्ञानिकों द्वारा शुरुआत में तैयार किए गए इंसुलिन कैप्सूल आमतौर पर पेट मे एसिड के कारण टूटकर प्रभावहीन हो रहे थे और छोटी आंत तक उनकी पूरी डोज नहीं पहुंच पा रही थी। लेकिन एमआइटी टीम ने एक सुरक्षित और कोटेड दवा बनाने का दावा किया है। इन वैज्ञानिकों का दावा है कि उनकी बनाई हुई नई दवा इतनी स्ट्रॉन्ग है कि यह पेट में बनने वाले एसिड से नष्ट नहीं होगी और छोटी आंत तक बिना किसी नुकसान के पहुंच जाएगी। छोटी आंत तक पहुंचने के बाद ये कैप्सूल इंसुलिन को रिलीज करना शुरू करेगी। फिर इंसुलिन रक्त में आसानी से घुल कर ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

एमआइटी के प्रोफेसर रॉबर्ट लैंगर ने कहा, 'हम अपनी प्रयोगशाला के सदस्यों के नई दवा की खोज से खुश हैं। इस कैप्सूल की खोज में प्रयोगशाला के सदस्यों ने आखिर समय में सफलता पाई है, जो भविष्य में मधुमेह के मरीजों समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए काफी लाभदायक होने वाला है। उन्होंने बताया कि इस इंसुलिन कैप्सूल का साइज 30 मिलीमीटर है, जिसमें पर्याप्त इंसुलिन है, जितना कि एक मधुमेह के मरीज के लिए जरूरी है। खास बात यह है कि विकसित इंसुलिन हार्मोन कैप्सूल तेजी से घुलकर खून में पहुंच जाती है, जिससे मधुमेह के मरीज को तुरंत लाभ मिलेगा।'

## विश्व परिक्रमा

### इराक में हिंसक प्रदर्शनों में 93 की मौत

**रविवार, 6 अक्तूबर :** इराक के बगदाद और देश के अन्य दक्षिणी शहरों में हुए प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 93 हो गई है। यह प्रदर्शन बीते पांच दिनों से हो रहे हैं। इस बीच तेजतर्रार नेता मौलाना मुक्तदा अल सद्र ने सरकार से इस्तीफा देने की मांग की है।

### महाभियोग में कानून का पालन होगा

**सोमवार, 7 अक्तूबर :** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही में विदेश मंत्रालय कानून का पालन करेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शुक्रवार रात कांग्रेस को पत्र भेजा है।

### आइएस को नहीं पनपने देंगे : तुर्की

**मंगलवार, 8 अक्तूबर :** तुर्की के राष्ट्रपति और राष्ट्रपति के प्रवक्ता के विशेष सलाहकार इब्राहिम कलिन ने कहा कि तुर्की इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा और इसे किसी भी रूप में फिर से पनपने नहीं देगा।



एंतोनियो गुतारेस

### द्विपक्षीय हो कश्मीर मुद्दे का समाधान

**बुधवार, 9 अक्तूबर :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा से पहले चीन ने महत्त्वपूर्ण बयान में कहा कि कश्मीर के मुद्दे का समाधान भारत और पाकिस्तान को आपसी बातचीत से निकालना होगा। चीन ने संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अपने हालिया संदर्भों को छोड़ते हुए यह बात कही।

### संयुक्त राष्ट्र के पास धन की भारी कमी

**गुरुवार, 10 अक्तूबर :** संयुक्त राष्ट्र गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। हालत यह है कि उसे कर्मचारियों को इस महीने के वेतन देने में भी मुश्किल हो रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को बताया था कि यह संस्था सबसे गंभीर घाटे के दौर से गुजर रहा है।

### अमेरिका ने नहीं की मदद : ट्रंप

**शुक्रवार, 11 अक्तूबर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सीरिया के कुर्दों ने आइएस के खिलाफ जंग में अमेरिका की कोई मदद नहीं की। इस बयान के जरिए उन्होंने अमेरिकी बलों को वापस बुलाने के अपने फैसले का बचाव किया है।

### इथियोपिया प्रधानमंत्री के नाम नोबेल

**शनिवार, 12 अक्तूबर :** इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद को शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। उनको यह पुरस्कार उनके देश के चिर शत्रु इरिट्रिया के साथ संघर्ष को सुलझाने के लिए दिया गया है। नोबेल कमेटी ने इसकी जानकारी दी है।

## जानें-समझें

### *ममल्लपुरम अनौपचारिक वार्ता*

# कुछ बात बनी कुछ बाकी रही

दीपक रस्तोगी

मल्लपुरम आए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अनौपचारिक मुलाकात में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और कई अहम क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश, कैलाश मानसरोवर यात्रा, आईटी और दवा क्षेत्र पर बातचीत हुई। महाबलीपुरम की वार्ता कूटनीति के लिहाज से बेहद अहम रहा। शी के बेजिंग से उड़ने के पहले कश्मीर मुद्दे पर कड़वी बात कहने वाले चीन ने भारत के सख्त ऐतराज के बाद चुप्पी साध ली। भारत ने आतंकवाद के मुद्दे को चर्चा का विषय जरूर बना दिया।

### क्या मिला, क्या नहीं मिला

जिन मुद्दों पर सहमति बनी, वे हैं - कारोबार घाटा कम करने के लिए विशेष प्रणाली स्थापित करना, रक्षा क्षेत्र में उच्च स्तरीय सहयोग, सीमा पर विश्वास बढ़ाने वाले उपाय और मजबूत करना, आतंकवाद और उग्रवाद रोकने के लिए आपसी सहयोग, दोनों देशों के बीच नागरिक स्तर पर सहयोग बढ़ाना।

जिन मुद्दों पर सहमति नहीं बनी, वे हैं - सीमा पार आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान का नाम लेकर निंदा प्रस्ताव, एनएसजी की सदस्यता के लिए चीन की ओर से भरोसा, चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर पर भारत की आपत्तियों को लेकर भरोसा, भारतीय आर्थिक गलियारे को लेकर आश्वासन, एफएटीएफ में पाकिस्तान को लेकर चीन का रवैया।

### कश्मीर और आतंकवाद

आशंका जताई जा रही थी कि कश्मीर मुद्दे के कारण दोनों नेताओं की बातचीत पटरी से उतर सकती है। इस आशंका को उस समय और बल मिला था पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ बैठक के बाद चीन ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का अनुसरण करने की मांग की थी। लेकिन शी जिनपिंग और नरेंद्र मोदी के बीच अनौपचारिक शिखर वार्ता के दौरान कश्मीर के मुद्दे पर एक बार भी चर्चा नहीं हुई, जबकि आतंक पर विस्तार से बात हुई। विदेश सचिव विजय गोखले के मुताबिक, भारत ने पहले ही तय कर लिया था कि कश्मीर भारत का आतंरिक मामला है, ऐसे में वह इस मुद्दे पर चीनी नेता के सामने बात नहीं करेगा। अगर चीनी राष्ट्रपति इसका जिक्र करते तो प्रधानमंत्री मोदी इस पर भारत के रुख से उन्हें स्पष्ट करा देते। गोखले के मुताबिक, दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि आतंकवाद और कट्टरवाद की चुनौतियों का सामना करना जरूरी है।

### रणनीतिक संतुलन की समझ

चीन के राष्ट्रपति ने रक्षा सहयोग बढ़ाने की जरूरत के बारे में बात की। इससे दोनों देशों की सेना के बीच विश्वास बढ़ेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जल्द ही चीन का दौरा करेंगे। मोदी और जिनपिंग के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा पर भी बातचीत हुई। जिनपिंग ने इस पर सहमति जताई। दोनों देशों की कोशिश रही है कि पाकिस्तान की वजह से रिश्तों में कोई दरार न आए। इसलिए रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में तभी बढ़ा जा सकता है, जब रणनीतिक संतुलन भी बना रहे। चीन की चिंता लद्दाख को लेकर है, लेकिन उसे लेकर भारत के साथ चीन तनाव नहीं चाहेगा क्योंकि इससे कोई कोई लाभ नहीं होगा। चीन के लिए भारत बड़ा बाजार है। भारत व चीन के बीच सीमा विवाद है और कुछ अन्य जटिल मुद्दे भी हैं, तो उन्हें बातचीत से ही सुलझाने पर जोर दे रहे हैं।

### नई व्यवस्था में व्यापार

अनौपचारिक वार्ता के बाद मोदी और जिनपिंग के बीच प्रतिनिधि स्तर पर चर्चा हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद थे। इसमें तय हुआ कि दोनों देश व्यापार घाटा कम करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों के लिए एक नई प्रणाली स्थापित की जाएगी। इसमें चीन की तरफ से उप प्रधानमंत्री हु शुन्हुआ और भारत की तरफ से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल होंगी। शी-मोदी वार्ता के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बातचीत में दोनों देशों के बीच व्यक्ति से व्यक्ति का संपर्क बढ़ाने पर बात हुई। अगले दौर की बैठक चीन में होगी।

## क्या है जानकारों की राय






संबंधों पर असर डालने वाले पुराने मुद्दों से आगे जाकर बातचीत हुई। भारत और चीन- दोनों ही जानते हैं कि सीमा के मुद्दों का हल रातों-रात नहीं निकाला जा सकता। लेकिन तनाव टालने की दिशा में लगातार प्रयासों का असर दोतरफा संबंधों पर जरूर दिखेगा।

*-अशोक कंठ, पूर्व राजनयिक एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ*

शी और मोदी ने वितर्क और मतभेद वाले मुद्दे छुए ही नहीं, मसलन पाकिस्तान या धारा 370 या सीपेक। दोनों ने कारोबारी हित के मुद्दों पर जो दिया, जो आगे चलकर भारत-चीन संबंधों में अहम साबित होगा। लेकिन बड़ी सफलता तब मिलेगी, जब राजनय के मुद्दों पर चीन का साथ मिल जाए।



*-प्रोफेसर राजेश राजागोपालन, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू*

## व्यक्तित्व

# जीएस लक्ष्मी : आइसीसी की पहली महिला रेफरी

जनसत्ता संवाद

भारत की जीएस लक्ष्मी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) मैच की पहली महिला रेफरी बन गई हैं। अब वे तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी सेवाएं दे सकती हैं। बीते हफ्ते ही आइसीसी ने आइसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2019 के लीग चरण के लिए मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें जीएस लक्ष्मी के साथ न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान जेफ क्रो भी शामिल किया गया है। लक्ष्मी अबू धाबी के जायद स्टेडियम में हांगकांग और आयरलैंड के बीच होने वाले मैच में रेफरी की भूमिका निभाएंगी।



लक्ष्मी ने कहा, आइसीसी के अंतरराष्ट्रीय पैनल में चुना जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है क्योंकि इससे मेरे लिए नए दरवाजे खुलेंगे। भारत में एक क्रिकेटर और मैच रेफरी के रूप में मेरा लंबा करिअर रहा है। उम्मीद है कि मैं एक खिलाड़ी और मैच अधिकारी के रूप में अपने अनुभव का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में अच्छा उपयोग करूंगी।'

लक्ष्मी ने इसके लिए आइसीसी और बीसीसीआइ के अधिकारियों सहित अपने उन सभी दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने हमेशा उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि मैं सभी की उम्मीदों पर खरा उतरूंगी और अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर प्रदर्शन दूंगी। वहीं आइसीसी के अंपायरों और रेफरी विभाग के सीनियर मैनेजर एड्रियन ग्रिफिथ ने कहा, 'हम लक्ष्मी और इलोइस का अपने पैनल में स्वागत करते हैं जो कि महिला अधिकारियों को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की तरफ बढ़ाया गया महत्त्वपूर्ण कदम है। उनकी प्रगति देखकर अच्छा लगता है और मुझे पूरा विश्वास है कि अधिक से अधिक महिलाएं उनका अनुसरण करेंगी।'

मूल रूप से आंध्र प्रदेश की 51 साल की जीएस लक्ष्मी का पूरा नाम गांडिकोटा सर्व लक्ष्मी है। वे भारतीय क्रिकेट मैच रेफरी और एक पूर्व घरेलू क्रिकेट खिलाड़ी और कोच हैं। वे दाएं हाथ की बल्लेबाज और दाएं हाथ की तेज मध्यम आउटस्विंग गेंदबाज रही हैं। उनकी परवरिश जमशेदपुर में हुई जहां उनके पिता नौकरी करते थे।

लक्ष्मी ने टाटा नगर में क्रिकेट खेलना शुरू किया। स्पोर्ट्स कोटा के तहत उनका दाखिला जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में हुआ जहां उनकी तेज गेंदबाजी को काफी सराहा गया। 1989 में वे हैदराबाद चली गईं और दक्षिण मध्य रेलवे में नौकरी करने लगीं। बाद में दक्षिण मध्य रेलवे क्रिकेट टीम के लिए खेलना शुरू किया। लक्ष्मी ने 1989 और 2004 के बीच आंध्र महिला, बिहार महिला, रेलवे महिला, पूर्वी क्षेत्र महिला और दक्षिण क्षेत्र महिला सहित कई घरेलू टीमों के लिए खेला।

2008-2009 में पहली बार घरेलू महिला क्रिकेट में मैच रेफरी की भूमिका निभाई थी। वे महिला क्रिकेट से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय वनडे और तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबलों में मैच रेफरी की भूमिका निभा चुकी हैं। इसी साल मई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने जीएस लक्ष्मी को अपने मैच रेफरी के इंटरनेशनल पैनल में जगह दी थी। वे इस पैनल में जगह पाने वाली पहली महिला बनी थीं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था डगमगाती स्थिति में : बनर्जी

कोलकाता, 14 अक्तूबर (भाषा)।

अर्थशास्त्र के लिए 2019 का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डगमगाती स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इस समय उपलब्ध आंकड़े यह भरोसा नहीं जगाते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था जल्द पटरी पर आ सकती है।उन्होंने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति डगमगाती हुई है। वर्तमान (विकास के) आंकड़ों को देखने के बाद, (निकट भविष्य में अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार) को लेकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता है।' बनर्जी ने अमेरिका से एक समाचार चैनल को बताया, 'पिछले पांच-छह वर्षों में, हमने कम से कम कुछ विकास तो देखा, लेकिन अब वह आश्वासन भी खत्म हो गया है।' बनर्जी कहा कि उन्होंने जीवन में कभी भी नहीं सोचा था कि उन्हें इतनी जल्दी नोबेल पुरस्कार मिल जाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले 20 वर्षों से शोध कर रहा था। हमने गरीबी उन्मूलन के लिए समाधान देने की कोशिश की।'

## प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी में खुशी की लहर

कोलकाता, 14 अक्तूबर (भाषा/जनसत्ता)।

प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी ने सोमवार को कहा कि यह संस्थान के लिए गर्व की बात है कि उनके पूर्व छात्र और मार्गदर्शक समूह के सदस्य अभिजीत बनर्जी का चयन 2019 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के लिए हुआ है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देबज्योति कोनार ने कहा कि विश्वविद्यालय को खुशी है कि उसके दो पूर्व छात्रों- अमर्त्य सेन और अब बनर्जी को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रेसींडेंसी परिवार को बनर्जी पर गर्व है।

# जेएमबी भारत में पांव पसारने की कोशिश में : एनआइए प्रमुख

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) के प्रमुख वाईसी मोदी ने सोमवार को कहा कि जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) भारत में अपने पांव पसारने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 125 संदिग्धों की सूची विभिन्न राज्यों के साथ साझा की गई है।

आतंकवाद रोधी दस्तों (एटीएस) के प्रमुखों की एक बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जेएमबी ने झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल में बांग्लादेशी प्रवासियों की आड़ में अपनी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा, 'एनआइए ने जेएमबी नेतृत्व से करीबी संबंध रखने वाले 125 संदिग्धों की सूची संबंधित राज्यों के साथ साझा की है।'

एनआइए के महानिरीक्षक आलोक मित्तल ने कहा कि 2014 से 2018 के बीच जेएमबी ने बंगलुरु में 20 से 22 ठिकाने स्थापित किए और दक्षिण भारत में अपने पैर पसारने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'जेएमबी ने कर्नाटक सीमा के पास कृष्णागिरि हिल्स में रॉकेट लॉन्चर्स का परीक्षण भी किया।' मित्तल ने कहा कि म्यांमा में रोहिंग्या मुस्लिमों के उत्पीड़न का बदला लेने के लिए जेएमबी बौद्ध मंदिरों पर भी हमला करना चाहता था। उन्होंने कहा कि जेएमबी ने अपनी गतिविधियां सबसे पहले 2007 में पश्चिम बंगाल और असम में शुरू की थीं और फिर उसने देश के अन्य हिस्सों में अपनी गतिविधियां शुरू कीं। मित्तल ने कहा, 'जांच के दौरान पाया गया कि 130 संदिग्ध जेएमबी नेतृत्व के साथ नियमित संपर्क में थे।' जिहादी गतिविधियों का हवाला देते हुए मित्तल ने कहा कि अभी तक देश में 127 लोगों को पश्चिम एशिया में आतंकवादी समूह आईएसआईएस के साथ संपर्क रखने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

# सोनिया पर खट्टर की टिप्पणी से कांग्रेस में उबाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 अक्तूबर।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने राहुल के बाद सोनिया के कांग्रेस अध्यक्ष बनने को लेकर कहा, खोदा पहाड़ निकली चुहिया
- हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा, चुनाव में सबक सिखाएंगी हरियाणा की महिलाएं
- कांग्रेस ने कहा, देश की महिलाओं से माफी मांगें खट्टर

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर कांग्रेसी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। पार्टी ने खट्टर के बयान को असंसदीय एवं निंदनीय करार देते हुए उनसे देश की सभी महिलाओं से माफी मांगने की मांग की और यह दावा भी किया कि विधानसभा के इस चुनाव में हरियाणा की महिलाएं खट्टर को उनकी महिला विरोधी सोच के लिए सबक सिखाएंगी।

कांग्रेस ने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा- कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ अपने तुच्छ बयान, महिलाओं के अपमान और असामाजिक सोच के लिए मुख्यमंत्री खट्टर को देश की समस्त महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। दूसरी ओर हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा- मुख्यमंत्री खट्टर, आपके लिए महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। लेकिन अपने सोनिया गांधी के खिलाफ जो टिप्पणी की है वह पूरे नारी समाज का घोर अपमान है। आपके शासन में हरियाणा क्राइम कैपिटल बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर को यह चेतावनी भी दी कि हरियाणा की आधी आबादी आगामी 21 अक्तूबर को भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

इस मुद्दे पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने एक बयान जारी कर कहा- मैं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की टिप्पणी की निंदा करती हूं। सुष्मिता ने कहा कि उनकी टिप्पणी असंसदीय और निंदनीय है। यह महिलाओं के प्रति उनके और भाजपा के अपमानजनक रुख को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विमर्श के स्तर को नीचे ले जाना बेरोजगारी और गंभीर आर्थिक मंदी जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा कि क्या इससे कोई इनकार कर सकता है कि हरियाणा भारत का रेप कैपिटल बन चुका है। अपहरण के मामले बहुत बढ़ गए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हम सार्वजनिक गरिमा को बरकरार रखने को प्रतिबद्ध हैं। मैं खट्टर से बिना शर्त की माफी करती हूं। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने भी पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री का बयान देश भर की महिलाओं का अपमान है और उनकी महिला विरोधी सोच का द्योतक है।

खबरों के मुताबिक खट्टर ने सोनीपत के पास खरखैदा में रविवार को एक सभा में कथित तौर पर कहा-लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल (राहुल गांधी) ने पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ दिया और कहा कि नया कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार से नहीं होगा, हमने इस निर्णय का स्वागत किया था, वंशवाद की राजनीति को खत्म करने के लिए यह अच्छा फैसला था, फिर, इन लोगों ने देशभर में (नए अध्यक्ष की) तलाश शुरू की, तीन महीने के बाद, उन्होंने सोनिया गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया। यह तो ऐसा हुआ, जैसे खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वह भी मरी हुई।

## भारतीय मूल के अभिजीत और उनकी पत्नी को अर्थशास्त्र का नोबेल

**पेज 1 का बाकी**

की हमारी क्षमता को बेहतर बनाता है। मात्र दो दशक में उनके नए प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण ने विकास अर्थशास्त्र को पूरी तरह बदल दिया है। विकास अर्थशास्त्र वर्तमान में शोध का एक प्रमुख क्षेत्र है।' उनके स्कूलों में उपचारात्मक शिक्षण के प्रभावी कार्यक्रमों से 50 लाख से अधिक भारतीय बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह उनके विभिन्न अध्ययनों में से एक का प्रत्यक्ष प्रमाण है। दूसरा उदाहरण निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारी सब्सिडी दिए जाने का है जिसे कई देशों में लागू किया गया है।डुफ्लो ने कहा, 'यह (पुरस्कार मिलना) दिखाता है कि एक महिला के लिए सफल होना और उस सफलता के लिए पहचान मिलना संभव है। मैं उम्मीद करती हूं कि इससे कई लोगों, अन्य महिलाओं को उनका काम जारी रखने की प्रेरणा मिलेगी। यह पुरुषों को भी महिलाओं को उनके हक का सम्मान देने के लिए प्रेरित करेगा।'

# केंद्र की गलत नीतियों से अर्थव्यवस्था बदहाल : राहुल

**पेज 1 का बाकी**

हैं। उन्होंने लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि आप लोग बताएं कितने लोगों को रोजगार मिला। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से देश की अर्थव्यवस्था की धज्जियां उड़ चुकी हैं। देश के सभी राज्यों में लोगों की हालत खराब है। राहुल गांधी ने कहा कि मंदी की मार झेल रहे लोगों यह मानना है कि मोदी ने अर्थव्यवस्था की हालत खराब कर दी।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से मारुति को कारखाना बंद करना पड़ा। टाटा को कंपनी बंद करनी पड़ी। इसकी वजह से करोड़ों बेरोजगार हो गए। मोदी और मनोहर लाल लगातार झूठ बोल रहे हैं। मोदी हर दसवें दिन मन की बात करते हैं। मैंने सोचा मैं काम की बात करूं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री केवल मन की बात करते हैं। राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी अंबानी-अडाणी के लाउडस्पीकर हैं। वे दिन भर उनकी बात करते रहते हैं। उन्होंने कहा, छह महीने बाद बेरोजगारी देखना।

राहुल ने कहा कि पहले नोटबंदी की मार फिर जीएसटी की मार से अर्थव्यवस्था खराब हुई। भीड़ से उन्होंने पूछा कि कोई यहां है जो कहे कि जीएसटी से फायदा हुआ है। इससे केवल हिंदुस्तान के 15-20 अमीर लोगों को फायदा हुआ है। वही लोग जीएसटी चाहते हैं। मोदी से सवाल पूछने के अंदाज में राहुल ने कहा कि अगर आप खुद को देशभक्त कहते हो तो पब्लिक सेक्टर की कंपनियों को क्यों अपने अरबपति मित्रों को बेच रहे हो। राहुल गांधी ने कहा कि विजय माल्या, मेहुल चौकसी व नीरव मोदी जैसे लोगों को यह सरकार पैसा देती है। जो देश छोड़कर भाग जाते हैं। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने किसानों का ऋण माफ किया। राहुल ने कहा कि केंद्र में भले ही मोदी की सरकार है लेकिन हम हरियाणा में सत्ता परिवर्तन करके यहां की अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकते हैं। किसान और मजदूर ही बदलाव ला सकता है।

# प्लास्टिक की बोतलों, पैकेटों पर तीन महीने में पाबंदी की कार्रवाई करें : एनजीटी

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सोमवार को केंद्र और अन्य एजंसियों को निर्देश दिए कि वे पानी की छोटी बोतलें, थैलियों और कपों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर तीन महीनों के भीतर कार्रवाई करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये सामान अच्छी खासी मात्रा में प्लास्टिक कचरा पैदा करते हैं।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाले पीठ ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर 'पर्यावरण व वन मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, भारतीय खाद्य संरक्षा व मानक प्राधिकरण और अन्य संबंधित एजंसियों को कानून के अनुसार तीन महीने के भीतर कार्रवाई करनी चाहिए।' समिति द्वारा हाल में सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बार में इस्तेमाल होने वाले 'पैकेटों/बोतलों' की हल्की, पोर्टेबल और सस्ती प्रकृति उन्हें युवा और सक्रिय आबादी के साथ-साथ कम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक बनाए रखे हुए है। समिति ने कहा कि छोटे-छोटे पैकेटों/एक बार में इस्तेमाल होने वाले पैकेट ने बेहतर गुणवत्ता और प्रीमियम उत्पादों को समाज के सभी वर्गों तक सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया।

लेकिन साथ ही इसने प्लास्टिक का बड़ी तादाद में कचरा भी पैदा किया। उसने कहा कि अतः विधि मापविद्या विभाग के साथ विचार-विमर्श में निष्कर्ष निकाला गया कि पानी की छोटी बोतलों, पैकेटों, कपों जैसे छोटे आकार वाले पैकेटों को बंद किया जाना चाहिए जो अच्छी खासी मात्रा में प्लास्टिक का कचरा पैदा करते हैं।

विशेषज्ञ समिति ने कहा कि खाद्य और पेय पदार्थ, दवाइयां और कॉस्मैटिक्स और कपड़े प्रमुख सामान हैं जिनमें प्लास्टिक की पैकिंग का इस्तेमाल किया जाता है।

## सौरव गांगुली होंगे बीसीसीआइ के नए अध्यक्ष

**पेज 1 का बाकी**

किए जहां सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। गांगुली ने बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन, पूर्व सचिव और सौराष्ट्र के दिग्गज निरंजन शाह और आइपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला की मौजूदगी में बोर्ड मुख्यालय में निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। बाद में शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि कुल आठ नामांकन दाखिल किए गए हैं। गांगुली और शाह के अलावा माहिम वर्मा (उपाध्यक्ष), अरुण सिंह धूमल (कोषाध्यक्ष), बृजेश पटेल (आइपीएल संचालन परिषद सदस्य), जयेश जार्ज (संयुक्त सचिव), खैरुल जमील मजूमदार (संचालन परिषद सदस्य) और प्रभजोत सिंह भाटिया (पार्षद) ने नामांकन भरा है। इन उम्मीदवारों का 23 अक्तूबर को बीसीसीआइ की सालाना आम बैठक में निर्विरोध चुना जाना तय है।

# पाक पर सबसे बड़ा दबाव एफएटीएफ का : डोभाल

**पेज 1 का बाकी**

कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) का है। एफएटीएफ की बैठक अभी पेरिस में चल रही है।

आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के प्रमुखों की बैठक को संबोधित कर रहे डोभाल ने कहा कि पाकिस्तान पर सबसे अधिक दबाव एफएटीएफ के पदाधिकारी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में कोई भी देश युद्ध करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि इसमें जानमाल का बड़ा नुकसान होगा और कोई भी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है।

डोभाल ने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान पर सबसे बड़ा दबाव एफएटीएफ की प्रक्रिया की वजह से है। एफएटीएफ ने उन पर इतना दबाव बनाया है, जितना पहले किसी ने नहीं बनाया था।

डोभाल ने कहा कि अगर जांच एजंसियां सही, स्थायी और उद्घृत करने योग्य जानकारी एकत्र कर सकती हैं, जिसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढंग से रखा जा सकता है कि पाकिस्तान किस प्रकार आतंकवाद का समर्थन और वित्तपोषण कर रहा है, तो यह उस देश को बेनकाब करेगा। राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आप यह सबूत एकत्रित करने की पूरी कोशिश कर सकते हैं। आप हर तरीके से अपना योगदान दे सकते हैं।'

# रसोई गैस सिलेंडर फटने से 13 की मौत

**पेज 1 का बाकी**

से अभी तक 13 लोगों के मरने की पुष्टि की है। शव बहुत बुरी हालत में हैं और उनकी पहचान की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वलीदपुर गांव के निवासी छोटू विश्वकर्मा के घर पर उनकी पत्नी रीता सुबह बच्चियों को स्कूल भेजने के लिए नाश्ता बना रही थी। तभी अचानक रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना भीषण था कि दो मंजिला इमारत ध्वस्त हो गई। साथ ही बगल में स्थित कन्हैया विश्वकर्मा का मकान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इन दोनों मकानों के मलबे में दो दर्जन से अधिक लोग दब गए।

पुलिस के अनुसार, सहायता के लिए जिला प्रशासन ने वाराणसी एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया है जो बचाव कार्य कर रही है। अभी तक मलबे से 13 शव निकाले जा चुके हैं। 15 घायलों को इलाज के लिए आजमगढ़ और मऊ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर लखनऊ में अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने बताया, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ में सिलेंडर फटने से लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने तथा इस हादसे के पीड़ितों को हरसंभव मदद एवं राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।'

आयुक्त कनक त्रिपाठी के अनुसार, 13 लोगों की जान जा चुकी है वहीं घायलों की संख्या 15 है। घटना स्थल पर जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य मौजूद हैं। छोटू विश्वकर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रीता और उनकी पांच बेटियां हैं। छोटू मजदूरी करते थे। करीब दस साल पहले उनकी आकस्मिक मौत हो गई। पत्नी रीता सिलाई कर-के परिवार चलाती थी। सोमवार छोटी बेटी की परीक्षा थी। रीता सुबह उसके लिए नाश्ता बनाने गई और गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया।

हादसे में रीता की पांच बेटियों में से तीन की मौत हो गई जिनके नाम मोना (20 वर्ष), ममता (18 वर्ष) और संजना (15 वर्ष) हैं। हादसे में रीता बच गई। विस्फोट के कारण पड़ोसी कन्हैया विश्वकर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रीना (25 वर्ष) तथा तीन बेटियों... सरिता, सोनम, सिम्पी की मौत हो गई।

धमाका इतना जबरदस्त था कि पड़ोस के एक और मकान में रहने वाले सुरेंद्र विश्वकर्मा और उनकी 10 साल की बेटी निधि की भी मौत हो गई। इस हादसे में वहां से गुजर रहे राहगीर शिवम, इम्तियाज (25 वर्ष), जीशान (15 वर्ष) और यासिर (13 वर्ष) की भी मौत हो गई।

## बीएसएफ ने आधुनिक ड्रोन भेदी प्रणाली की मांग की

**पेज 1 का बाकी**

के पास कई यूएवी देखे जाने के बाद बीएसएफ ने यह मांग की है। सीमा की रक्षा करने वाले बल ने ड्रोन पता लगाने वाली प्रणाली की मांग की है जिसमें रडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी रिसीवर, जैमर और सभी मानवरहित हवाई यानों (यूएवी) को निष्क्रिय करने के लिए प्रणाली नियंत्रक हो। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ से कहा है कि शत्रु ड्रोनों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी हासिल करे। बल से कहा गया है कि जवानों को प्रशिक्षित किया जाए जो जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इन प्रणालियों को संभाल सकें।'

# हरियाणा में विपक्षी दल बिखरे : मोदी

**पेज 1 का बाकी**

उनके प्रयास सफल नहीं हो सके हैं जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा के पास मजबूत टीम और मजबूत कप्तान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद हरियाणा के जवानों की शहादत रुकी है। यह अनुच्छेद पहले हटाया होता तो हरियाणा की माताओं की गोद और सुहागिनों की मांग नहीं उजड़ती। देश की सुरक्षा में जम्मू कश्मीर में तैनात हरियाणा के वीर जवानों ने सबसे ज्यादा शहादत और कुर्बानियां दी हैं। कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटाने पर विलाप कर रही है। अगर उसमें और अन्य दलों में हिम्मत है तो चुनाव में घोषणा करें कि वे अनुच्छेद 370 की बहाली करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों को चुनौती देते हुए सोमवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर 61 में एक चुनावी सभा में दी। हरियाणा में 21 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने धारा 370 अनुच्छेद 35ए, लक्षित हमले और तीन तलाक के मुद्दे पर कांग्रेस को निशाने पर लिया। अपने भाषण की शुरुआत मोदी ने राजा बलराम राजा नाहर सिंह की शहादत को नमन करते हुए की। आपातकाल के समय को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को यहां से कुछ ही दूर सूरजकुंड में 19 महीने जेल में रखा था।

मोदी ने हरियाणा की मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सरकार की जमकर तारीफ की और कहा की सरकार ने प्रदेश से भाई भतीजावाद, नौकरियों में खर्ची पर्ची और परिवारवाद खत्म किया है। बीते पांच साल में खट्टर ने किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, छोटे दुकानदारों और व्यापारियों में विश्वास पैदा किया और विकास के नए रास्ते खोले हैं।

## 72 दिन बाद बजीं मोबाइल की घंटियां

**पेज 1 का बाकी**

कॉल और एसएमएस के लिए होंगी और वॉट्सऐप जैसे ऐप अभी काम नहीं करेंगे। साथ ही 25 लाख से अधिक प्रीपेड मोबाइल फोन और अन्य इंटरनेट सेवाएं अभी काम नहीं करेंगी। मोबाइल कनेक्टिविटी 12 अगस्त को ईद से ठीक एक सप्ताह पहले रोकी गई थी। सोमवार को मोबाइल संचार बहाल होने के बाद लोग इतनी राहत में थे कि एक दूसरे को ईद की मुबारकवाद भी दी। घाटी के नागरिक निगहत शाह ने कहा, 'यह दिन हमारे लिए ईद से कम नहीं है। वैश्वीकरण के दौर में हम दो महीने से अधिक समय तक बाकी दुनिया से कटे रहे।' पुराने शहर में रहने वले बशरत अहमद ने अपने दोस्तों तथा रिश्तेदारों को फोन करने में जरा भी वक्त नहीं गंवाया। उन्होंने एक घंटे के भीतर 30 फोन कॉल किए। अहमद ने कहा, 'मैंने 70 दिन से दिल्ली में और कश्मीर के बाहर कहीं भी अपने रिश्तेदारों से बात नहीं की थी। मैं उन सभी की आवाज सुनना चाहता हूं और उन्हें बताना चाहता हूं कि हम जिंदा हैं।'
अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बल मोबाइल सेवाएं शुरू होने के बाद सामने आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कुछ लोग अपने करीब रहने वालों से भी बात नहीं कर पा रहे थे। उन्हें भी आज राहत मिली। यासिर अहद ने कहा कि वे अपनी होने वाली पत्नी से बात कर ही रहे थे कि अचानक फोन कट गया।

## 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया'

**पेज 1 का बाकी**

मरी हुई।' सोनीपत के निकट खरखौदा में रविवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खट्टर ने राहुल गांधी की जगह किसी अन्य को पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के कांग्रेस के प्रयासों का उपहास करते हुए कहा, 'उन्होंने तीन महीने तक देशभर में राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश की और इसके बाद, आप जानते हैं कि कौन प्रमुख बना-सोनिया गांधी। फिर से वही गांधी परिवार। उनकी स्थिति है, 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वह भी मरी हुई'। यह उनकी स्थिति है।' उन्होंने कांग्रेस एवं जननायक जनता पार्टी (जजपा) पर हमला करते हुए कहा कि मतदाता इन परिवारवादी दलों को बाहर का दरवाजा दिखाएं। उन्होंने कहा, 'राज्य और केंद्र में परिवारवादी दल हैं। आप जानते हैं कि परिवारवाद पर आधारित ये दल किस तरह का तमाशा कर रहे हैं। अब परिवार के भीतर भी आपसी झगड़े चल रहे हैं। एक तरफ पप्पू है और दूसरी तरफ मां...।' खट्टर ने कहा, 'पप्पू चौधरी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद कहा कि वे पार्टी प्रमुख नहीं रहेंगे और राहुल बाबा ने पार्टी प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया। हमें लगा कि यह अच्छी बात है कि वे 'परिवारवाद' से दूर जा रहे हैं।' उन्होंने अंतरिम अध्यक्ष के रूप में सोनिया की नियुक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि लेकिन कांग्रेस ने फिर से सोनिया गांधी को चुन लिया। उन्होंने कहा, 'फिर से वही गांधी परिवार। खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वह भी मरी हुई।

## परेड में शामिल नहीं करने पर बीएसएफ ने विरोध जताया

**पेज 1 का बाकी**

दिल्ली पुलिस ही गणतंत्र दिवस परेड-2020 में हिस्सा लेंगे। बीएसएफ से कहा गया है कि वह केवल अपने ऊंट दल और ऊंट सवार बैंड टीम को 26 जनवरी को होने वाले परेड में भेजे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'बीएसएफ ने इस मुद्दे को गृह मंत्रालय के समक्ष उठाया है। इस पर विचार किया जा रहा है।'

## थोक मुद्रास्फीति घटकर तीन साल के निचले स्तर 0.33 फीसद पर

**पेज 1 का बाकी**

7.47 फीसद के लगभग पूर्व स्तर पर रही। आलू के भाव में गिरावट जारी रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति सितंबर में शून्य से 7.05 फीसद नीचे रही। अगस्त में यह शून्य से 4 फीसद नीचे थी। वहीं विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति सितंबर में शून्य से 0.42 फीसद नीचे रही।

# आडवाणी, जोशी और जसवंत के सरकारी बंगले रहेंगे बरकरार

**पेज 1 का बाकी**

की प्रक्रिया के बीच आडवाणी और जोशी को सुरक्षा कारणों से और सिंह के बंगले का आबंटन स्वास्थ्य कारणों से बरकरार रखा जाएगा। बताते चलें कि तीनों नेता अब संसद सदस्य नहीं हैं। आडवाणी और जोशी ने 17वीं लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा था और सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे हैं।

मंत्रालय के संपदा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि संशोधित कानून के तहत सभी भूतपूर्व सांसदों के बंगलों का आबंटन रद्द कर बंगले खाली कराने की प्रकिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आडवाणी और जोशी के बंगले का आबंटन सुरक्षा कारणों से और सिंह के बंगले का आबंटन स्वास्थ्य कारणों से बरकरार रहेगा।

सरकारी संपत्ति से अनधिकृत कब्जों की बेदखली के लिए हाल ही में संसद द्वारा पारित कठोर प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम 2019 को मंत्रालय द्वारा 12 सितंबर को लागू किये जाने के बाद संपदा निदेशालय ने लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में रहने की पात्रता गंवा चुके पूर्व सांसदों और सांसदों के अतिथियों से आवास खाली कराने की कार्रवाई तेज कर दी है। कानून के तहत भूतपूर्व सांसद को नई लोकसभा के गठन के एक महीने के भीतर सरकारी आवास छोड़ना अनिवार्य है। लेकिन 17वीं लोकसभा के गठन के लगभग पांच महीने बीतने के बाद भी लगभग 35 पूर्व सांसदों ने अभी तक बंगला खाली नहीं किया है। संपदा निदेशालय ने पुलिस की मदद से बलपूर्वक बंगले खाली कराने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत अभी तक छह पूर्व सांसदों के बंगले बलपूर्वक खाली कराए जा चुके हैं।

# 'लश्कर के आतंकियों पर अभियोग चलाए पाक'

**पेज 1 का बाकी**

को रोकना चाहिए और लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद समेत संगठन के अन्य आतंकवादियों के खिलाफ अभियोग चलाना चाहिए। अमेरिका ने पाकिस्तान को काली सूची में डालने या नहीं डालने को लेकर वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (फाइनेन्शियल एक्शन टास्क फोर्स) के अहम फैसले से पहले यह बयान दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की दक्षिण व मध्य एशियाई ब्यूरो प्रमुख एलिस वेल्स ने पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा/जमात-उद-दावा के चार आतंकवादियों की गिरफ्तारी का स्वागत भी किया।

पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने गुरुवार को आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा/जमात-उद-दावा के शीर्ष चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। लश्कर-ए-तैयबा/जमात-उद-दावा के गिरफ्तार किए गए शीर्ष चार आतंकवादियों के नाम प्रोफेसर जफर इकबाल, याहिया अजीज, मोहम्मद अशरफ तथा अब्दुल सलाम हैं। वेल्स ने ट्वीट किया, 'जैसा कि (पाकिस्तान के प्रधानमंत्री) इमरान खान ने कहा है, पाकिस्तान को अपने भविष्य के लिए आतंकवादियों को अपनी जमीन से काम करने से रोकना होगा।' उन्होंने कहा, 'लश्कर के क्रूर हमलों के पीड़ित इस बात के हकदार है कि वे लश्कर के सरगना हाफिज सईद समेत इन लोगों के खिलाफ अभियोग चलता देखें।' पाकिस्तान का उसकी जमीन से गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पकड़ने और रिहा कर देने का इतिहास रहा है।

वेल्स का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एफएटीएफ को देश के 'ग्रे सूची' के दर्जे पर अपना निर्णय देना है। एफएटीएफ ने पिछले साल जून में पाकिस्तान को 'ग्रे' सूची में डाल दिया था। पाकिस्तान को अक्तूबर, 2019 तक पूरी करने के लिए कार्ययोजना दी गई थी। इसे पूरा नहीं कर पाने पर पाकिस्तान पर ईरान और उत्तर कोरिया के साथ काली सूची में डाले जाने का खतरा है। पाकिस्तान के प्रदर्शन की 12 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलने वाली समीक्षा यह तय करेगी कि इस्लामाबाद ग्रे सूची में रहता है या उसे काली सूची में डाल दिया जाता है या क्लीन चिट दे दी जाती है। वेल्स ने पिछले महीने भी पाकिस्तान से कहा था कि वह सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों के खिलाफ अभियोग चलाए। उन्होंने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होना इस बात पर निर्भर करेगा कि इस्लामाबाद सीमा पार घुसपैठ में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कितना गंभीर है।

जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा निरस्त करने के भारत सरकार के अगस्त के फैसले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत के फैसले का पाकिस्तान ने कड़ा विरोध किया है। उसने भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया है और भारतीय राजदूत को निष्कासित कर दिया है। पाकिस्तान कश्मीर मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है लेकिन नई दिल्ली ने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 370 उसका आंतरिक मामला है।

# चार हॉकी खिलाड़ियों की मौत, तीन घायल

होशंगाबाद (मध्य प्रदेश), 14 अक्तूबर (भाषा)।

ध्यानचंद ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट का सेमी फाइनल मैच खेलने जा रहे चार हॉकी खिलाड़ियों की सोमवार को मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए जब उनकी कार यहां एक पेड़ से टकराकर उलट गई।

होशंगाबाद देहात थाना प्रभारी आशीष पंवार ने बताया कि यह घटना आज सुबह करीब 7 बजे के राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर रैसलपुर गांव के पास हुई। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। सामने से आ रहे वाहन के साथ टक्कर से बचने की कोशिश में कार के ड्राइवर ने संतुलन खो दिया जिससे कार पेड़ से टकराकर पलट गई। खिलाड़ी इटारसी में अपने एक दोस्त का जन्मदिन मनाकर होशंगाबाद लौट रहे थे जहां उन्हें सोमवार को ध्यानचंद ट्रॉफी का मैच खेलना था। ये सभी खिलाड़ी भोपाल की मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के थे। उन्होंने बताया कि मृतक खिलाड़ियों की पहचान शाहनवाज हुसैन (इंदौर), आदर्श हरदुआ (इटारसी), आशीष लाल (जबलपुर) एवं अनिकेत वरूण (ग्वालियर) के रूप में हुई है। ये सभी 18 से 22 साल के थे। पवार ने बताया कि इस हादसे में तीन खिलाड़ी घायल भी हुए हैं, जिनमें शान ग्लैडविन (22), साहिल चौरे (19) एवं अक्षय अवस्थी (18) शामिल हैं। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



*सड़क हादसा*
**पेड़ से टकराकर पलट गई कार, मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के थे सभी खिलाड़ी**

इसी बीच, ध्यानचंद हॉकी अकादमी के सचिव नीरज राय बहोत्रा ने बताया कि ये सातों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे। बहोत्रा ने बताया कि दर्दनाक हादसे के बाद ध्यानचंद ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट को बीच में स्थगित कर दिया गया है। शान ग्लैडविन भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से खेलते हैं, जबकि बाकी छह खिलाड़ी भोपाल की मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के थे।

### अयोध्या विवाद : सुनवाई के दौरान मुसलिम पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

# सिर्फ मुसलिम पक्ष से ही किए जा रहे सवाल

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद भूमि विवाद की सुनवाई के दौरान मुसलिम पक्षकारों ने आरोप लगाया कि इस मामले में हिंदू पक्ष से नहीं बल्कि सिर्फ हमसे ही सवाल किए जा रहे हैं।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष 38वें दिन की सुनवाई शुरू होने पर मुसलिम पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने यह टिप्पणी की। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। धवन ने कहा, 'माननीय न्यायाधीश ने दूसरे पक्ष से सवाल नहीं पूछे। सारे सवाल सिर्फ हमसे ही किए गए हैं।

निश्चित ही हम उनका जवाब देंगे।' धवन के इस कथन का राम लला का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने जोरदार प्रतिवाद किया और कहा, 'यह पूरी तरह से अनावश्यक है'। धवन ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब संविधान पीठ ने कहा कि विवादित स्थल पर लोहे की ग्रिल लगाने का मकसद बाहरी बरामद से भीतरी बरामदे को अलग करना था।



*38वें दिन सुनवाई हुई*
**पीठ ने कहा कि संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व के मामले मे क्या किसी तीसरे पक्ष को प्रवेश और पूजा अर्चना का अधिकार दिया जा सकता है। सुनवाई 17 अक्तूबर तक जारी रहेगी।**

न्यायालय ने कहा कि लोहे का ग्रिल लगाने का मकसद हिंदुओं और मुसलमानों को अलग अलग करना था और यह तथ्य सराहनीय है कि हिंदू बाहरी बरामदे में पूजा अर्चना करते थे जहां 'राम चबूतरा', 'सीता रसोई' 'भंडार गृह' थे। शीर्ष अदालत ने धवन के इस कथन का भी संज्ञान लिया कि हिंदुओं को सिर्फ अंदर प्रवेश करने और स्थल पर पूजा अर्चना करने का 'निर्देशात्मक अधिकार' था और इसका मतलब यह नहीं है कि विवादित संपत्ति पर उनका मालिकाना हक था। पीठ ने सवाल किया कि जैसा कि आपने कहा कि उनके पास प्रवेश और पूजा अर्चना का अधिकार था, क्या यह आपके मालिकाना अधिकार को कमतर नहीं करता। पीठ ने यह भी कहा कि संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व के मामले मे क्या किसी तीसरे पक्ष को प्रवेश और पूजा अर्चना का अधिकार दिया जा सकता है। संविधान पीठ दशहरा अवकाश के बाद सोमवार को 38वें दिन इस प्रकरण पर सुनवाई शुरू की जो 17 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

संविधान पीठ अयोध्या में 2.77 एकड़ विवादित भूमि तीन पक्षकारों–सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला– के बीच बराबर बराबर बांटने का आदेश देने संबंधी इलाहाबाद हाई कोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर सुनवाई कर रही है।

# अयोध्या में 10 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू

अयोध्या, 14 अक्तूबर (भाषा)।

अयोध्या में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निषेधाज्ञा 10 दिसंबर तक लागू रहेगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2014 के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट 14 अपीलों पर सुनवाई कर रहा है। पीठ ने इस मामले में न्यायालय की कार्यवाही पूरी करने की समय सीमा की समीक्षा की थी और इसके लिए 17 अक्तूबर की सीमा तय की है।

निषेधाज्ञा का आदेश अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने कहा कि अयोध्या और यहां आने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा– मैं यह भी कहना चाहूंगा कि 31 अगस्त, 2019 से यहां एक और आदेश लागू है जो गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और अवांछित गतिविधियों के बारे में है।

12 अक्तूबर, 2019 को जारी आदेश उन बिंदुओं के सिलसिले में है जो पूर्व के आदेश में नहीं थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की भी मांग की है। झा ने बताया कि आदेश में ड्रोन आदि से अयोध्या में शूटिंग करने पर भी रोक लगाई गई है।

ओ.बी.सी

# ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई–नीलामी सूचना**

समूह कार्यालय – आर.आर.एल नोएडा, एसएच–12, प्रथम तल, गामा शॉपिन्ग सैन्टर, सैक्टर–गामा–I, ग्रेटर नोएडा –201308, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., फोन : 0120-2322667, ई–मेलः rrl_7656@obc.co.in

**परिशिष्ट–IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 31.10.2019 को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

| क्र. सं. | शाखा/कर्जदार/गारंटर का नाम | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / प्रस्ताव में सुधार हेतु राशि | बकाया राशि | ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण | ई–नीलामी की तारीख/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखाः एमेटी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर–44, नोएडा<br>श्रीमती इन्द्रकला पाण्डेय, श्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय और श्री राजेन्द्र कुमार पाण्डेय | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि एम आई जी फ्लैट, तीसरा तल फ्लैट नं. 4–डी, ब्लॉक–सी, सैक्टर – 62, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. क्षेत्रफल 84.87 वर्ग मी. उप–रजिस्ट्रार–1, नोएडा और जिला गौतम बुद्ध नगर में पंजीकृत, चौहद्दीः उत्तर में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण में – स्थित मानचित्र के अनुसार, पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार (रचनात्मक/सांकेतिक कब्जा) | ₹ 40.64 लाख<br>₹ 4.07 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 16,14,574.00 और दिनांक 01.10.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 2 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फेज–II, नोएडा, यू.पी.<br>श्री अरविन्द कुमार वार्ष्णेय और श्रीमती हेमलता | फ्लैट नं. 131 एस, द्वितीय तल, ब्लॉक–बी, सैक्टर–ओमीक्रॉन–01, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी. क्षेत्रफल 32 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार | ₹ 7.21 लाख<br>₹ 0.73 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 10,27,268.00 और दिनांक 01.08.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 3 | शाखा : आई.ई.एम.एल. ग्रेटर नोएडा<br>श्री दिनेश कुमार | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 239 एसएफ (द्वितीय तल) ब्लॉक–सी, सैक्टर– ओमिक्रॉन–1, ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., उप–जिला सदर, गौतमबुद्ध नगर के अंतर्गत पंजीकृत, जिला गौतमबुद्ध नगर, चौहद्दीः उत्तर पूरब में – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार | ₹ 7.07 लाख<br>₹ 0.71 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 8,05,620.00 और दिनांक 01.10.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 4 | बरौला, सैक्टर–49, नोएडा, यू.पी.<br>श्री आनंद कुमार एवं श्रीमती रिंकी | व्यवसायिक सम्पत्ति दुकान नं. एसएफ–211, द्वितीय तल, अंसल प्लाजा, प्लॉट नं. 1–सी, नौलेज पार्क –1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल 45.55 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में – मेंन रोड की तरफ खुला, पश्चिम में – बराम्दा, उत्तर में – ऑफिस यूनिट नं. 210, दक्षिण में – ऑफिस यूनिट नं. 212 | ₹ 14.15 लाख<br>₹ 1.42 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 26,35,504.00 और दिनांक 01.01.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 5 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फेज–II, नोएडा, यू.पी.<br>श्री बंस बहादुर सिंह पुत्र श्री सुन्दर सिंह | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 122 जी, भूतल, ब्लॉक–डी, सैक्टर, ओमिक्रान – 01 ग्रेटर नोएडा और जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. में स्थित, सब डिस्ट्रिक सब रजिस्ट्रार सदर गौतम बुद्ध नगर, और जिला गौतम बुद्ध नगर में पंजीकृत, क्षेत्रफल 32.00 वर्ग मी. | ₹ 7.66 लाख<br>₹ 0.77 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 8,19,928.07 दिनांक 14.02.2017 से होने वाला ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 6 | गामा, ग्रेटर नोएडा<br>श्री रविन्दर शर्मा | साम्यिक बंधक फ्लैट नं. 15, प्रथम तल, ब्लॉक नं. सी/7, सैक्टर–71, नोएडा में स्थित, क्षेत्रफल 23.33 वर्ग मी. (सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा बैंक के पास है।) | ₹ 10.50 लाख<br>₹ 1.05 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 5,91,714.00 और दिनांक 16.08.2011 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 7 | सूरजपुर, नोएडा<br>सुभाष कुमार | व्यवसायिक दुकान नं. एएस–2/23 (भूतल), व्यवसायिक कॉम्पलैक्स, ब्लॉक– सी, सैक्टर – अल्फा–1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर में स्थित, क्षेत्रफल 36 वर्ग मी., चौहद्दी : उत्तर पूरब में – लीज प्लान के अनुसार, दक्षिण पूरब में – लीज प्लान के अनुसार, उत्तर पश्चिम में – लीज प्लान के अनुसार, दक्षिण पश्चिम में – लीज प्लान के अनुसार (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 73.37 लाख<br>₹ 7.34 लाख<br>₹ 0.50 लाख | ₹ 14,19,021.00 और दिनांक 01.11.2018 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | EMD E-auction A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 8 | एमेटी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर–44, नोएडा<br>श्री सतीश कुमार भाटी पुत्र श्री धर्मवीर सिंह एवं श्रीमती अंजली भाटी पत्नी श्री सतीश कुमार भाटी | फ्लैट नं. एन–480, टाइप–ए (डुपलैक्स), जलवायु विहार, पॉकेट पी–4, प्लॉट नं. 8, बिल्डिर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. क्षेत्रफल सुपर एरिया 138.011 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में – स्थित मानचित्र के अनुसार, पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण में – स्थित मानचित्र के अनुसार, पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार, (रचनात्मक / सांकेतिक कब्जा) | ₹ 40.73 लाख<br>₹ 4.07 लाख<br>₹ 0.10 लाख | 01-09-2016<br>08-12-2016<br>₹ 24,40,298.00 और होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | EMD E-auction A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 9 | एलायन्स, सैक्टर–22 नोएडा, यू.पी.<br>श्री मनोज चौधरी | प्लॉट नं. ए–1/32 पर निर्मित रिहायशी मकान एलआईजी फ्लैट नं. एफ–2, (प्रथम तल पर पीछे की तरफ का बिना छत के अधिकार के), डी एल एफ दिलशाद एक्सटैन्शन–2, गाँव ब्रह्मपुर उर्फ भोपुरा, परगना लोनी, गाजियाबाद, यू.पी., क्षेत्रफल 37.16 वर्ग मीटर, चौहद्दी : पूरब में – प्लॉट नं. ए–1/15, पश्चिम में – 30 फीट रोड, उत्तर में – प्लॉट नं. ए–1/33, दक्षिण में – प्लॉट नं. ए–1/31 | ₹ 7.30 लाख<br>₹ 0.73 लाख<br>₹ 0.10 लाख | 8,10,392.00 और दिनांक 01.09.2013 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 10 | सैक्टर–पाई, ग्रेटर नोएडा, यू.पी.<br>श्री फईम बाबू | फ्लैट नं. 54 एफ एफ, ब्लॉक ई, सैक्टर – ओमीक्रॉन – 01, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल 30 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब में – स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम में – स्थित मानचित्र के अनुसार | ₹ 6.84 लाख<br>₹ 0.69 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 7,09,748.88 और दिनांक 31.07.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 11 | शाखाः एमेटी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर–44, नोएडा<br>श्रीमती ज्योति प्रकाश सक्सेना पत्नी श्री संजीव प्रकाश सक्सेना और श्री संजीव प्रकाश सक्सेना | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 13, (प्रथम तल, ब्लॉक–25, पॉकेट – 12, सैक्टर–82, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर (यू.पी) में स्थित | ₹ 14.56 लाख<br>₹ 1.46 लाख<br>₹ 0.20 लाख | ₹ 14,72,816.37 और दिनांक 31.05.2018 से अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 12 | शाखाः एमेटी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर–44, नोएडा<br>श्रीमती ज्योति प्रकाश सक्सेना पत्नी श्री संजीव प्रकाश सक्सेना और श्री संजीव प्रकाश सक्सेना | सम्पत्ति फ्लैट नं. 21, द्वितीय तल, ब्लॉक–8, पॉकेट – 12, सैक्टर–82, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर (यू.पी) में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती ज्योति प्रकाश सक्सेना पत्नी श्री संजीव प्रकाश सक्सेना के नाम पर है। | ₹ 12.39 लाख<br>₹ 1.24 लाख<br>₹ 0.20 लाख | ₹ 6,01,833/- और दिनांक 31.05.2018 से अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 13 | एलायन्स, सैक्टर–22 नोएडा, यू.पी.<br>श्री दीपक कुमार और गारंटरः श्री जय प्रकाश | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. डी–888, प्रथम तल, बिना छत के अधिकार के, इंद्रप्रस्थ, गाजियाबाद (यू.पी.), उप–जिला 4थीं गाजियाबाद के अंतर्गत पंजीकृत, जिला गाजियाबाद, चौहद्दी : पूरब में – प्लॉट नं. 925, पश्चिम में – 7.5मी. चौडी रोड, उत्तर में – 9 मी. चौडी रोड, दक्षिण में – प्लॉट नं. 889, (भौतिक कब्जा) | ₹ 8.14 लाख<br>₹ 0.82 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 9,60,782.12 और दिनांक 01.09.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 14 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कम्पाउंड, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, यू.पी.<br>श्री कृष्ण कुमार राय पुत्र श्री फुर्ती लाल राय | रिहायशी फ्लैट नं. 62, तीसरा तल, ब्लॉक सी, सैक्टर ओमीक्रॉन–01ए, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल–31 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार | ₹ 8.08 लाख<br>₹ 0.81 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 10,71,726.08 और दिनांक 01.10.2015 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | E-Auction Notice A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 Circle Office Noida | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 15 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कम्पाऊण्ड, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, यू.पी.<br>श्री रामचन्द्र पुत्र हजारी लाल | रिहायशी फ्लैट नं. 293 एफ एफ, प्रथम तल, ब्लॉक डी, सैक्टर ओमीक्रॉन–1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल–32 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम – स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार (भौतिक कब्जा) | ₹ 7.87 लाख<br>₹ 0.79 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 10,30,982.00 और दिनांक 01.10.2015 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | IFSCCODE: ORBC0101815 A/c No: 18151181000026 E Auction Account Ramchander | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 16 | एलांयस स्कूल, सैक्टर–22, नोएडा<br>श्री विपिन कुमार शर्मा और श्रीमती संगीता शर्मा | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी फ्लैट नं. 13–बी, (भूतल बिना छत के अधिकार के) ब्लॉक–बी, सैक्टर–4, लाजपत नगर, क्षेत्रफल 20.314 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में – बालकनी, पश्चिम में – 15फीट चौडी रोड, उत्तर में – मकान नं. 14, दक्षिण में – 15 फीट रोड (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 12.75 लाख<br>₹ 1.28 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 5,76,990.00 और दिनांक 01.11.2017 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | EMD E-auction A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 17 | IEML, ग्रेटर नोएडा<br>श्री विनय सिंह पुत्र चंदेश्वर | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 212 सी (द्वितीय तल), ब्लॉक–एसके, सैक्टर–110, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर (यू.पी.) में स्थित, सुपर क्षेत्रफल 28.19 वर्ग मी. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 7.22 लाख<br>₹ 0.73 लाख<br>₹ 0.10 लाख | ₹ 7,24,648.00 और दिनांक 01.12.2017 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | EMD E-auction A/c No: 08981181000046 IFSC Code : ORBC0100898 | 31-10-2019 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |

नियम एवं शर्तें

1. ई–नीलामी "जो है जहाँ है", "जैसी है जो कुछ भी है" एवं "दायित्व रहित आधार पर" आयोजित की जा रही है।
2. धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.10.2019 को सांय 5.00 बजे तक है।
3. सम्पत्ति(यों) का निरीक्षण सभी कार्य दिवस में पूर्वा. 11.00 से अर्पा. 3.00 बजे के बीच किया जा सकता है।
4. इच्छुक बोलीदाता जिन्होने धरोहर राशि जमा किया है और लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोडिंग करने, बोली जमा करने, ई–बिडिंग प्रक्रिया पर प्रशिक्षण इत्यादि में अपेक्षित सहायता के लिए अन्तरेस सिस्ट्म लि., व्यक्ति का नाम जिसे सम्पर्क किया जा सके श्री सचिन, मो. 9555926408, श्री कुशल बोस, मो. 7686913157, श्री पुष्पराज – मो. 7503347659, ईमेल : sachin@antaressystems.com, pushpraj@antaressystems.com और सम्पत्ति प्राधिकृत अधिकारी : श्री शरद खन्ना, मो.: 8059441166, 9319688633, ई–मेलः rrl_7656@obc.co.in से कार्यादिवस में सम्पर्क कर सकते है।

(विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु कृपया हमारी वेबसाईटः www.obcindia.co.in, www.eprocure.gov.in/epublish और www.bankeauctionwizard.com,, www.ibapi.in देखें)

दिनांक 15.10.2019, स्थान : ग्रेटर नोएडा, यू.पी. — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 331, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

### बीसीसीआइ के अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

# हितों का टकराव चिंता का विषय : गांगुली

मुंबई, 14 अक्तूबर (भाषा)।

बीसीसीबाइ के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि 'हितों का टकराव' भारतीय क्रिकेट के सामने सबसे बड़े मुद्दों में से एक है क्योंकि इसके नियम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को इस खेल के प्रशासन में आने से रोक रहे हैं।

एन श्रीनिवासन, राजीव शुक्ला और निरंजन शाह जैसे दिग्गज क्रिकेट प्रशासकों के साथ नामांकन दाखिल करने के बाद गांगुली ने यहां पत्रकारों से कहा, हितों का टकराव का मुद्दा बड़ा है। और मुझे यह नहीं पता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सेवाएं ले पाऊंगा या नहीं क्योंकि उनके पास दूसरे विकल्प भी मौजूद होंगे। गांगुली ने साफ किया कि 'एक व्यक्ति एक पद' के मौजूदा नियम क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों को प्रशासन में आने से रोकेगा क्योंकि उन्हें अपनी आजीविका कमाने की भी जरूरत होगी। गांगुली ने अध्यक्ष पद की होड़ में बृजेश पटेल को पछाड़ दिया है और अब इस पद के लिए अकेले उम्मीदवार हैं। पूर्व कप्तान का निर्विरोध चुना तय है। गांगुली खुद भी हितों के टकराव के मुद्दे का सामना कर चुके हैं। उन पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) और आइपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर रहने के कारण दोहरी भूमिका निभाने का आरोप लगा था।



**नामांकन करने** बीसीसीआइ मुख्यालय पहुंचे पूर्व कप्तान सौरव गांगुली व अन्य।

वे पहले ही दिल्ली कैपिटल्स से अलग हो चुके हैं जबकि 23 अक्तूबर को बीसीसीआइ अध्यक्ष का पद भार संभालने के बाद वह सीएबी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे देंगे। गांगुली ने साफ किया कि 'एक व्यक्ति एक पद' के मौजूदा नियम क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों को प्रशासन में आने से रोकेगा क्योंकि उन्हें अपनी आजीविका कमाने की भी जरूरत होगी।

पूर्व भारतीय कप्तान क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) का हिस्सा थे जिसके खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के सदस्य संजीव गुप्ता ने आचरण अधिकारी डीके जैन को कई शिकायतें की। इन शिकायतों के बाद सीएसी को भंग कर दिया गया था। गांगुली ने कहा कि इस उपबंध (हितों के टकराव से जुड़ा नियम) से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा, अगर आप विभिन्न नियुक्तियों को देखे सब के साथ कुछ न कुछ मामला है। इसमें एनसीए या सीएसी या बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण कोचों की नियुक्ति पर भी सवाल उठे। कमेंटेटरों और आइपीएल को भी लेकर मुद्दे रहे हैं। यह भारतीय क्रिकेट के लिए गंभीर मुद्दा है जिसे जल्द ही हल किए जाने की जरूरत है। गांगुली ने कहा कि उनके लिए यह कुछ अच्छा करने का सुनहरा मौका है क्योंकि वह ऐसे समय में बोर्ड की कमान संभालने जा रहे हैं जब उसकी छवि काफी खराब हुई है।

# आइसीसी ने सुपर ओवर नियम को बदला

दुबई, 14 अक्तूबर (भाषा)।

विश्व कप क्रिकेट में जुलाई में फाइनल में सुपर ओवर में मैच टाई रहने पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड को विजेता घोषित किए जाने के विवाद के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने सोमवार को सभी बड़े टूर्नामेंटों के लिए सुपर ओवर के नियमों में बदलाव किया है।

**निर्णय** सुपर ओवर तब तक होगा जब तक कोई एक टीम विजेता नहीं बन जाती।

आइसीसी ने अब नियमों में बदलाव किया है जिसके मुताबिक अगर सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले में सुपर ओवर में भी दोनों टीमें बराबर रन बनाती है तो फिर से सुपर ओवर होगा। सुपर ओवर तब तक होगा जब तक कोई एक टीम विजेता नहीं बन जाती। आइसीसी की बोर्ड की बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया, आइसीसी क्रिकेट समिति, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईसी) की समिति की सिफारिश के बाद यह सहमति बनीं की सुपर ओवर का उपयोग आइसीसी के मैचों में जारी रहेगा और इसे तब तक किया जाएगा जब तक टूर्नामेंट का परिणाम स्पष्ट तरीके से नहीं निकल जाए। इस मामले में क्रिकेट समिति और सीईसी दोनों सहमत थे कि खेल को रोमांचक और आकर्षक बनाने के लिए एकदिवसीय और टी–20 विश्व कप के सभी मैचों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। बयान के मुताबिक, ग्रुप स्तर पर अगर सुपर ओवर के बाद भी मैच टाई रहता है तो उसे टाई माना जाएगा लेकिन सेमी फाइनल और फाइनल में सुपर ओवर तब तक कराया जाएगा जब तक एक टीम ज्यादा रन नहीं बना लेती। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेले गए फाइनल में दोनों टीमों ने एक समान 241 रन बनाए जिसके बाद सुपर ओवर किया गया। सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने 15–15 रन बनाए और मैच टाई रहा। इसके बाद ज्यादा बाउंड्री लगाने के कारण इंग्लैंड को विजेता घोषित किया गया। इस विवादित नियम के कारण आइसीसी को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

# बांग्लादेश से पूरे अंक लेना चाहेगा भारत

कोलकाता, 14 अक्तूबर (भाषा)।

एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ गोलरहित ड्रा से उत्साहित भारतीय टीम ग्रुप ई के दूसरे दौर में मैच में मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा फीफा विश्व कप क्वालीफायर में पहली जीत दर्ज करने का होगा। भारत ने कतर जैसी आक्रामक टीम को गोलरहित ड्रा पर रोककर क्वालीफायर में पहले अंक हासिल किए। पहले मैच में उसे ओमान ने हराया था।



नौ साल बाद सीनियर पुरुष टीम का कोई मैच कोलकाता में होने जा रहा है लिहाजा इसे लेकर दीवानगी चरम पर है। साल्टलेक स्टेडियम खचाखच भरा रहना तय है और ऐसे में इगोर स्टिमक की टीम पूरे तीन अंक लेकर विश्व कप की उम्मीदें कायम रखने की कोशिश में होगी। कागजों पर भारत का पलड़ा भारी लग रहा है जिसने बांग्लादेश के खिलाफ 28 मैचों में से 15 जीते और दो हारे लेकिन पिछली बार सैफ चैंपियनशिप 2013 और 2014 में अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में बांग्लादेश ने उसे ड्रा पर रोका था।

